


हिन्दी दैनिक

RNI No-UPHIN/2015/63817

# मरियम टाइम्स

लखनऊ व हरदोई से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 06 | अंक : 286 | लखनऊ, बुधवार 23 दिसम्बर 2020 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2/– रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### गहलोत की मांग, सभी नागरिकों के निशुल्क टीकाकरण की स्पष्ट घोषणा करे केंद्र सरकार

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि केंद्र सरकार सभी नागरिकों को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव का टीका निशुल्क लगाने के लिए स्पष्ट घोषणा करे। उन्होंने कहा कि सही समय पर जानकारी देने से आमजन के बीच टीके की कीमत और उपलब्धता के बारे में भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी। गहलोत सोमवार को राज्य में कोरोना महामारी की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों का आत्म–विश्वास बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा इस तरह की घोषणा जरूरी है। इसके साथ ही गहलोत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राजस्थान में सभी लोगों को कोविड–19 टीकाकरण के संबंध में पुख्ता तैयारियां करें। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी और उसके गम्भीर आर्थिक प्रभावों के कारण बड़ी संख्या में आबादी टीके की कीमत चुकाने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में केन्द्र सरकार को देश के सभी नागरिकों के लिए टीका निशुल्क उपलब्ध कराना चाहिए।

### अगर बंगाल में भाजपा 200 सीटें नहीं जीती को क्या पार्टी नेता पद छोड़ेंगे: प्रशांत किशोर

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने मंगलवार को भाजपा नेताओं को सार्वजनिक तौर पर यह स्वीकार करने कीचुनौती दी कि अगर भगवा दल पश्चिम बंगाल में 200 सीटें हासिल करने में विफल रहा तो वे अपने पद छोड़ देंगे। इससे एक दिन पहले किशोर ने दावा किया था कि भाजपा बंगाल में सीटों के मामले में दहाई की संख्या तक भी नहीं पहुंच पाएगी। किशोर ने अपना आंकलन दोहराते हुए पीटीआई–से कहा, भाजपा पश्चिम बंगाल में (सीटों के मामले में) दहाईके आंकड़े को पार करने में संघर्ष करेगी और 100 से कम सीटें हासिल करेगी। अगर उन्हें इससे ज्यादा सीटें मिलती हैं तो मैं अपना काम छोड़ दूंगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर भगवा दल उनके बताए गए अनुमान से बेहतर प्रदर्शन करता है तो भी वह अपना काम छोड़ देंगे। किशोर जिन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के चुनाव प्रचार का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया था, इस बार पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के लिये काम कर रहे हैं ताकि अगले साल अप्रैल मई में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की संभावनाओं को बढ़ाया जा सके।

### मध्य प्रदेश की बिटिया से हरियाणा में हुई दरिंदगी, मुख्यमंत्री चौहान ने घटना को हृदय विदारक बताया

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हरियाणा के झज्जर शहर में रविवार की रात्रि एक अपराधी द्वारा मध्य प्रदेश की पांच साल की बच्ची के साथ हुई कथित दरिंदगी एवं हत्या की घटना को हृदय विदारक और निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि इस घटना के सिलसिले में मध्य प्रदेश के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस दल हरियाणा जाएगा। यह जानकारी मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने मंगलवार को दी है। चौहान ने मंगलवार प्रातरू हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से बात करके प्रभावित परिवार की सहायता और घटना में लिप्त अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने का आग्रह किया, जिस पर हरियाणा के मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि अपराधी को सख्त सजा दी जायेगी।

## देश की नीतियों में झलकता है सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास का संकल्प-मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की दीवारों में देश का इतिहास है, यहां पढ़ने वाले छात्र दुनिया में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एएमयू के पढ़े लोग दुनिया में कहीं भी हों, भारत की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हैं। मोदी ने कहा कि मुझे बहुत से लोग बोलते हैं कि एएमयू कैंपस अपने आप में एक शहर की तरह है। अनेक विभाग, दर्जनों हॉस्टल, हजारों टीचर–छात्रों के बीच एक मिनी इंडिया नजर आता है। यहां एक तरफ उर्दू पढ़ाई जाती है, तो हिंदी भी। अरबी पढ़ाई जाती है तो संस्कृति की शिक्षा भी दी जाती है। इस अवसर पर पीएम ने दावा किया कि आज देश जो योजनाएं बना रहा है वो बिना किसी मत मजहब के भेद के हर वर्ग तक पहुँच रही हैं। बिना भेदभाव, 40 करोड़ से ज्यादा गरीबों के बैंक खाते खुले। बिना भेदभाव,



2 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पक्के घर दिए गए। बिना भेदभाव 8 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को गैस मिला। उन्होंने कहा कि देश आज उस मार्ग पर बढ़ रहा है जहां मजहब की वजह से कोई पीछे न छूटे, सभी को आगे बढ़ने के समान अवसर मिले, सभी अपने सपने पूरे करें। सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास ये मंत्र मूल आधार है। देश की नीयत और नीतियों में यही संकल्प झलकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एएमयू से तालीम लेकर निकले सारे लोग भारत के सर्वश्रेष्ठ स्थानों पर ही नहीं बल्कि दुनिया के सैकड़ों देशों में छाए हुए हैं। एएमयू के पढ़े लोग दुनिया में कहीं भी हों, भारत की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हैं। पहले मुस्लिम बेटियों को स्कूल ड्रॉपआउट रेट 70: से ज्यादा था वो अब घटकर करीब–करीब 30: रह गया है। पहले लाखों मुस्लिम बेटियां शौचायल की कमी की वजह से पढ़ाई छोड़ देती थीं, अब हालात बदल रहे हैं। मोदी ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में 21वीं सदी में भारत के छात्र–छात्राओं की जरूरतों को सबसे ज्यादा ध्यान में रखा गया है। हमारे देश के युवा Nation First के आह्वान के साथ देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## भाजपा किसानों को डराना चाहती है, पर किसान डरने वाला नहीं – अखिलेश



संवाददाता

लखनऊ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने आज संतकबीरनगर में हुई वर्चुअल रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा किसानों को डराना चाहती है। पर किसान डरने वाला नहीं है। तीन कृषि कानूनों के विरूद्ध किसानों का देश व्यापी आंदोलन जारी है। उनके साथ अन्याय हो रहा है। समाजवादी पार्टी भी उनके संघर्ष में साथ है। भाजपा जो कानून लाई है वह किसान विरोधी है और उससे कुछ पूंजीपतियों को ही लाभ मिलेगा। इस सरकार से किसान, नौजवान, व्यापारी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सभी परेशान है। भाजपा सरकार अब अंतिम सांसे ले रही है। जनता का सहयोग समाजवादी पार्टी के साथ है। सन्2022 में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी। श्री यादव ने रात में रैली के संयोजक श्री सुनील सिंह की गिरफ्तारी को अवैध और निंदनीय बताते हुए कहा कि भाजपा सत्ता का दुरूपयोग करने से बाज आए। भाजपा का लोकतंत्र पर भरोसा नहीं है। हिरासत में मौतों और फर्जी एनकाउण्टरों पर मानवाधिकार आयोग राज्य सरकार को कई नोटिसें जारी कर चुका है। महिलाओं के साथ दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं से पूरे देश में बदनामी हो रही है। नौजवानों को नौकरी मिली नहीं। 4 लाख करोड़ का निवेश कहा हुआ, पता नहीं। गोरखपुर में एम्स आयुर्विज्ञान संस्थान अभी तक बन नहीं पाया।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों के साथ भाजपा ने बड़ा धोखा किया है। एमएसपी मिली नहीं। आय दुगनी हुई नहीं। धान की कीमत 1100 रूपये से ज्यादा नहीं मिली। क्रय केन्द्रों में खरीद नहीं हो रही है। लागत का ड्योढ़ा दाम भी नहीं मिला। किसान को मंहगी खाद, डीजल, कृषि उपकरण खरीदने पड़ रहे हैं। धान की लूट हुई है। गन्ना किसानों को 4 वर्ष में भी बकाया राशि नहीं मिली। बिजली मंहगी है। भाजपा सरकार ने अपने शासन काल में एक यूनिट विद्युत उत्पादन नहीं किया। रोजगार नहीं है। कारखाने बंद हैं। विकास कार्य धुआं हो गए हैं। मुख्यमंत्री जी का किसानों से कोई मतलब नहीं है। भाजपा धोखे से सत्ता में आई है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जाति के आधार पर निर्णय लेती है। झूठे मुकदमें लगाती है। बदले की भावना से उत्पीड़न करती है। समाजवादी नेताओं को जेल में रखकर द्वेषवश पीड़ित किया जाता है। उन्होंने कहा कि समाजवादियों का सीधा सम्बंध खेती से है। समाजवादी झुकने या डरने वाले नहीं है। समाजवादी पार्टी अन्याय के विरूद्ध संघर्षरत है। किसान नेता अम्बिका राय ने कहा कि सन्2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। श्री अखिलेश यादव पर कोई लांछन नहीं, उनकी छवि बेदाग नेता की है। इस बार कोई भी ताकत अखिलेश जी को मुख्यमंत्री बनने से नहीं रोक सकेगी। अन्य लोगों ने कहा कि भाजपा किसान की जमीन छीनने की साजिश कर रही है। जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी और अखिलेश जी पर है। वर्चुअल रैली कार्यक्रम में लखनऊ से श्री अखिलेश यादव के साथ नेता विपक्ष विधानसभा श्री रामगोविन्द चौधरी, नेता विपक्ष विधान परिषद श्री अहमद हसन तथा राष्ट्रीय सचिव श्री राजेन्द्र चौधरी शामिल हुए। आज श्री अखिलेश यादव वर्चुअल रैली में बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर और गोरखपुर के भी कई नेता जुड़े। इस संवाद में सर्वश्री रामप्रसाद चौधरी, जफर अमीन डक्कू, संतोष यादव सनी, रामकुमार चिंकू, रामललित चौधरी, पप्पू निषाद एवं अब्दुल कलाम पूर्व विधायक, सुरेन्द्र यादव, अवधेश यादव, जयराम पाण्डेय, ओम प्रकाश यादव, राधे सिंह सेतवार, नगीना साहनी, इनामुल्ला खां एडवोकेट, मनोज यादव, महेन्द्र यादव, विजय बहादुर, सद्दाम हुसैन, नावेद नवी, अरशद हुसैन, अमरेन्द्र निषाद आदि शामिल रहे। गौहर खान जिलाध्यक्ष संतकबीरनगर ने कार्यक्रम का संचालन किया। चाहती है, पर किसान डरने वाला नहीं – अखिलेश

## जनवरी–फरवरी तक नहीं होंगी बोर्ड परीक्षाएं, शिक्षा मंत्री निशंक ने दी यह अहम जानकारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने मंगलवार को कहा कि 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा जनवरी–फरवरी 2021 तक नहीं होगी और फरवरी के बाद परीक्षाएं कब कराई जा सकती हैं, इस पर विचार विशर्म करेंगे। बोर्ड परीक्षा के आयोजन के बारे में डिजिटल माध्यम से शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए निशंक ने कहा कि जनवरी– फरवरी माह तक बोर्ड परीक्षा कराना संभव नहीं होगा। फरवरी के बाद परीक्षाएं कब कराई जा सकती हैं, इस पर विचार विशर्म करेंगे और आगे सूचना दी जाएगी। डिजिटल संवाद के दौरान एक शिक्षिका ने पूछा था कि क्या बोर्ड परीक्षा का स्थगन संभव है ? क्या इसमें तीन माह की देरी हो सकती है ? इसके जवाब में शिक्षा मंत्री निशंक ने कहा कि मोदी सरकार छात्रों के साथ है और हम लगातार छात्रों के साथ बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने कोरोना काल में जेईई मेन और नीट जैसी बड़ी परीक्षाएं कराईं और बिहार चुनाव में इन परीक्षाओं का उदाहरण लिया गया। उन्होंने कहा कि हम नहीं चाहते कि छात्रों पर कोविड डिग्रीधारी का ठप्पा लगे और यह भी नहीं चाहते कि कोई यह कहे कि कोविड के समय डिग्री मिली, इसलिये आवेदन न करें। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में बिहार चुनाव के संदर्भ में चुनाव आयुक्त ने कहा था कि जेईई, नीट के मानकों का पालन करते हुए हम चुनाव करायेंगे और यह सफल चुनाव रहा था। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा, '' जनवरी–फरवरी में बोर्ड परीक्षाएं नहीं होंगी। फरवरी माह तक इसे कराना संभव नहीं होगा। फरवरी के बाद परीक्षाएं कब कराई जा सकती है, इस पर विचार विमर्श करेंगे और आगे जानकारी दी जायेगी।'' एक शिक्षक ने पूछा कि जब आनलाइन पढ़ाई करायी जा सकती है तब आनलाइन परीक्षा क्यों नहीं ली जा सकती, इस पर निशंक ने कहा कि अभी भी कुछ संख्या में छात्रों को शिक्षा तक एक समान पहुंच उपलब्ध नहीं है, ऐसे छात्रों के लिये लैपटाप और स्थिर इंटरनेट उपलब्ध कराना होगा और ऐसे में इस तरीके से परीक्षा लेना उचित नहीं होगा। शिक्षकों के प्रशिक्षण से जुड़े एक सवाल के जवाब में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि मंत्रालय ने निष्ठा कार्यक्रम के जरिये शिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम शुरू किया है। सीबीएसई ने अप्रैल से अगस्त के बीच करीब 4 लाख 80 हजार शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया है, वहीं केवीएस ने 15 हजार शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जबकि




जवाहर नवोदय विद्यालय ने 9 हजार शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को सही रखने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने काफी काम किया है। इसके लिए मंत्रालय ने फिट इंडिया मूवमेंट, ऑनलाइन योगा सेशन, ऑनलाइन कार्यक्रमों सहित तमाम कार्यो को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी सिलसिले में 'मनोदर्पण' कार्यक्रम शुरू किया गया है जिसके तहत चिकित्सक सुझाव देने के लिये उपलब्ध रहते हैं। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि दुनिया के हम पहले देश होंगे जो कि स्कूली शिक्षा के स्तर पर ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरूआत होगी। यह नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत किया जा रहा है। व्यावसायिक शिक्षा के बारे में शिक्षा मंत्री ने कहा वर्तमान में हजारों सीबीएसई स्कूलों में 6ठीं कक्षा से व्यासायिक शिक्षा दी जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इस चीज को महत्त्व दिया जा रहा है। सिर्फ किताबी नहीं बल्कि व्यवहारकि ज्ञान पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब छठी कक्षा से इंटर्नशिप के साथ व्यवसायिक शिक्षा की पढ़ाई होगी। ये ज्ञान केवल पुस्तक तक सीमित नहीं होगा। हम चाहते हैं कि सभी माध्यमिक स्कूलों में इसकी पढ़ाई शुरू हो। हमारा प्रयास है कि उद्योगों और कृषि में बच्चों को प्रशिक्षण मिले।

## किसान आंदोलन: कुमारी शैलजा का आरोप, केंद्र ने असंवेदनशीलता की सभी सीमाएं पार की

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस प्रमुख कुमारी शैलजा ने सोमवार को यह





कहते हुए केंद्र पर निशाना साधा कि किसान हफ्तों से कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनकी पीड़ा से उस पर कोई असर नहीं पड़ा है। शैलजा ने दावा किया कि 30 से अधिक प्रदर्शनकारी किसानों की मृत्यु हो गई है, लेकिन इस सबका भाजपा सरकार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है, जिसने ''असंवेदनशीलता की सभी सीमाएं पार कर ली हैं।'' उन्होंने यहां एक बयान में कहा, ''भाजपा सरकार का रवैया हमें अंग्रेजों द्वारा देश के लोगों के खिलाफ किए गए जुल्म की याद दिलाता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया, ''30 से अधिक किसान अब तक अपनी जान गंवा चुके हैं, जिसके लिए भाजपा सरकार सीधे जिम्मेदार है। निर्दयी भाजपा सरकार अपने अहंकार में डूबी हुई है।'' उन्होंने कहा, ''भाजपा सरकार का यह क्रूर चेहरा देश के इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा।'' किसान संगठनों ने दावा किया है कि 30 से अधिक प्रदर्शनकारी किसानों की दिल का दौरा पड़ने और सड़क दुर्घटनाओं सहित विभिन्न कारणों से मृत्यु हो गई है। शैलजा ने कहा कि कोविड–19 महामारी के बीच, किसानों को अपने घरों, परिवारों को छोड़कर राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर बैठने के लिए मजबूर किया गया है। उन्होंने दावा किया, ''भाजपा सरकार किसानों के अधिकारों को छीनना चाहती है और कृषि अर्थव्यवस्था को बड़े पूंजीपतियों को सौंपना चाहती है। सरकार का इरादा और नीति कुछ औद्योगिक घरानों के लाभ के लिए देश की अर्थव्यवस्था का दोहन करना है।'' कुमारी शैलजा ने आरोप लगाया कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने किसानों को बांटने के लिए सतलुज–यमुना लिंक नहर का मुद्दा किसानों के बीच उठाना शुरू किया है, जिसे वे समझ गए हैं।

## डा0 अंबेडकर विश्वविद्यालय ,महू में प्राथमिक उपचार पाठ्यक्रम

एजेंसी

महू। प्राथमिक उपचार ऐसा जरूरी प्रशिक्षण है जो सभी नागरिकों को अनिवार्य रूप से आना चाहिए। इसी





भावना के साथ डॉ. बी.आर. अंबेडकर सामाजिक विश्वविद्यालय महू ने अपना सामाजिक दायित्व एवं बोध का निर्वाह किया और देश में सर्वप्रथम 30 घंटों का नवाचार प्राथमिक उपचार पाठ्यक्रम शुरू किया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) आशा शुक्ला ने बताया कि सात दिवसीय यह पाठ्यक्रम 50 से 75 व्यक्तियों के समूह बनाकर सोशल डिस्टेंसिंग और सैनिटाइजेशन का पूरा ध्यान रखते हुए किया जा रहा है। इस कोर्स में सभी प्रकार की चिकित्सीय इमरजेंसी में ठीक ढंग से प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण दिया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार अगर इमरजेंसी में सही समय पर प्राथमिक उपचार मिल जाए तो आकस्मिक मृत्यु दर आधे से ज्यादा घट सकता है। इस तरह विश्वविद्यालय ने अभी तक करीब 150 प्राथमिक उपचारक तैयार किए। प्रशिक्षण भाषणनुमा ना होते हुए वार्तालाप और प्रयोग के तरीके से होता है और इस वजह से हर एक प्रशिक्षणार्थी पूरे पाठ्यक्रम को आत्मसात कर सकता है। कुलपति डॉ. शुक्ला ने कहा कि यहां यह बताना अत्यंत आवश्यक है, कि समूह को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण देने वाला व्यक्ति केवल दसवीं कक्षा उत्तीण है। नवीन बैच का न्यूनतम शुल्क मात्र ध300 रखा गया है। जो तारीख 18 से 24 जनवरी 2021 को डॉ. अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डोंगरगांव, महू में आयोजित किया जा रहा है। जिसके लिए पूर्व से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की जा रही है। वही 18 जनवरी 2021 को स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी किया जा सकता है। डॉ. आशा शुक्ला ने बताया कि वही प्राथमिक उपचार के इस प्रशिक्षण में पत्रकार बंधुओं के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 100 रखा गया है।

## किसानों को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है केंद्र: सुखबीर बादल

एजेंसी

चमकौर साहिब (पंजाब)। शिरोमणि अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने सोमवार को केंद्र पर आरोप लगाया कि वह किसानों को ''बदनाम'' करने के प्रयास के तहत ''बातचीत का छलावा' कर रहा है ताकि यह धारणा बनायी जा सके कि वह उचित है और किसान गलत हैं। बादल ने शहीदी जोर मेले के अवसर पर गुरुद्वारा कतलगढ़ साहिब में श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा, ''केंद्र वार्ता की शुरूआत शुरू करके किसानों को दबाव में लाने का प्रयास कर रहा है। यह एक निरर्थक कवायद है जब किसान संगठन पहले ही तीन कृषि कानूनों को खारिज कर चुके हैं और उन्हें निरस्त करना चाहते हैं।'' शिअद प्रमुख बादल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आपातकालीन संसद सत्र बुलाना चाहिए और इन कानूनों को वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अंतिम फैसला लोगों का होता है। बादल ने कहा, ''लोगों ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया है और लोगों की आवाज सुनना उनका कर्तव्य है।'' बादल की पार्टी पहले कृषि कानूनों को लेकर राजग से अलग हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने के बजाय, केंद्र ने पहले ''आंदोलन को धर्म और अलगाववादियों से जोड़ा और अब भाई को भाई खिलाफ खड़ा कर रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हमने हमेशा किसानों और दलितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। हम किसान आंदोलन में सहायता भी कर रहे हैं, लेकिन हमें इस बात की पीड़ा है कि केंद्र सरकार को किसानों की पीड़ा से कोई फर्क नहीं है।'' उन्होंने केंद्र पर आढ़तियों को निशाना बनाने के लिए आयकर विभाग का ''दुरुपयोग'' करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''मैं केंद्र को चेतावनी देता हूं कि वह जारी आंदोलन को जितना दबाने की कोशिश करेगा, वह उतना ही मजबूत होगा। बाद में, चंडीगढ़ में शिरोमणि अकादली दल की कोर कमेटी की बैठक के बाद बादल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीनों कानूनों को निरस्त करने के लिए संसद का विशेष सत्र आहूत करने से ''परहेज'' नहीं करना चाहिए।

# सम्पादकीय

## ओवैसी की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाएं

राजतिक विज्ञान के अनुसार, हर क्रिया की सामान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है. नरेंद्र मोदी के गत्यात्मक व्यक्तित्व ने हिंदू मानस को एकजुट कर एक राष्ट्रीय राजनीतिक आंदोलन बना दिया. संगठित हिंदुत्व, जो तुष्टीकरण और छद्म बाजार–राजनीति के घिनौने मलबे से एकाकार रूप में उभरा, ने एक खालीपन पैदा किया, जिसे भरने की कोशिश हो सकती थी.ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुसलमीन जैसे लंबे नाम के संगठन के वारिस तथा हैदराबाद के राजनीतिक वंश की तीसरी पीढ़ी के 51 वर्षीय असदुद्दीन ओवैसी ऐसे ही अवसर की प्रतीक्षा में थे. एक राष्ट्रीय इस्लामिक पार्टी भारत के 19.5 करोड़ मुस्लिम आबादी का सपना है, जिसे लिंकंस इन के बैरिस्टर ओवैसी अपने लिए साकार करना चाहते हैं. वैकल्पिक राजनेता मूल वंशाणु के ही अंश हैं, इसी वजह से भारतीय राजनीति एक आयामीय रही है. उनके पास अपने धार्मिक औरध्या जातिगत जुड़ाव एवं पहचान से परे कोई वैकल्पिक एजेंडा नहीं है. ऑल इंडिया मुस्लिम लीग से लेकर रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया जैसे अनेक संगठन राष्ट्रीय प्रभाव और केंद्र व राज्यों में सत्ता में समानुपातिक हिस्सा पाने की आकांक्षा में बनाये गये. ऑल इंडिया मुस्लिम लीग से लेकर रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया जैसे अनेक संगठन राष्ट्रीय प्रभाव और केंद्र व राज्यों में सत्ता में समानुपातिक हिस्सा पाने की आकांक्षा में बनाये गये. किसी भी राष्ट्रीय पार्टी ने किसी मुस्लिम नेता को राष्ट्रीय प्रतीक नहीं बनने दिया, या तो उन्हें दरकिनार कर दिया गया या कोई सजावटी पद देकर प्रभावहीन कर दिया गया, किंतु ओवैसी की शेरवानी अलग कपड़े से बनी है. किसी भी राष्ट्रीय पार्टी ने किसी मुस्लिम नेता को राष्ट्रीय प्रतीक नहीं बनने दिया, या तो उन्हें दरकिनार कर दिया गया या कोई सजावटी पद देकर प्रभावहीन कर दिया गया, किंतु ओवैसी की शेरवानी अलग कपड़े से बनी है. वे मानते हैं कि उनके पास महान भारतीय मुस्लिम नेता होने की समुचित शिक्षा और वंशावली है. उनकी गोल टोपी के पीछे एक चतुर एमबीए (मुस्लिम ब्रदरहुड ऑल्टरनेटिव) रणनीतिक है, जो मुस्लिमों और दलितों को राष्ट्रीय मुख्यधारा से अलग ध्रुवीकृत कर अपना बाजार बढ़ा रहा है. महाराष्ट्र और हाल में बिहार में जीत का स्वाद चखने के बाद उनकी नजर अब पश्चिम बंगाल पर है. भाजपा–विरोधी मतों को विभाजित करनेवाला भाजपा का छुपा हुआ सहयोगी होने के आरोपों की परवाह किये बिना ओवैसी स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े मुस्लिम नेता होने की राह पर हैं. उम्मीद है कि ओवैसी तृणमूल कांग्रेस के परंपरागत आधार को विभाजित कर सकते हैं, इसी कारण ममता बनर्जी ने उनकी पार्टी को भाजपा की बी–टीम की संज्ञा दी है. इसके उत्तर में ओवैसी ने कहा कि कोई ऐसा आदमी पैदा नहीं हुआ है, जो उन्हें पैसों से खरीद सके. उल्लेखनीय है कि किसी भी महानगरीय नेता को ऐसी राष्ट्रीय प्रसिद्धि और मीडिया का ध्यान नहीं मिला है. भारतीय मुसलमानों के पास ऐसा बौद्धिक और लोकप्रिय नेतृत्व नहीं है, जो एक एकीकृत रणनीति बना सके. इस अभाव ने ओवैसी को खलीफा का आसन ग्रहण करने में मदद की है. ओवैसी की पार्टी का अरुचिकर इतिहास रहा है और उसका वर्तमान विवादित है. कांग्रेस, अकाली दल, शिव सेना, डीएमके, नेशनल कांफ्रेंस, समाजवादी पार्टी आदि की तरह मजलिस को भी डीएनए ही नियंत्रित करता है. जहां अन्य पार्टियों की स्थापना आजादी की लड़ाई के लिए या जातिगत और क्षेत्रीय हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ था, मजलिस का उद्देश्य भारत से लड़ना था. हैदराबाद के शाही राज्य में 1927 में इसकी स्थापना एक मुस्लिम रियासत के लिए लड़ने के लिए हुई थी. साल 1944 में इसके उग्रपंथी नेता कासिम रिजवी ने हैदराबाद के भारत में विलय के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष के लिए एक लाख से अधिक रजाकारों को जमा किया था. उन्होंने हजारों हिंदुओं को मारा, लूटा और उनका बलात्कार किया था. भारतीय सेना ने इस विद्रोह को कुचला था और रिजवी को जेल हुई थी. साल 1957 में पाकिस्तान जाने से पहले रिजवी ने अब्दुल वाहिद ओवैसी को अपना उत्तराधिकारी चुना था. दादा ओवैसी ने मजलिस के नाम के साथ ऑल इंडिया जोड़ा, ताकि पूरे भारत के मुसलमानों से जुड़ सकें और हैदराबाद व आसपास के मुस्लिमों के निर्विवाद नेता बन सकें. लगभग 18 सालों में उन्होंने मजलिस को एक मजबूत राजनीतिक साम्राज्य में बदल दिया. उनके पुत्र सुल्तान सलाहुद्दीन ओवैसी इतने ताकतवर और लोकप्रिय थे कि उन्हें सालार–ए–मिल्लत कहा जाता था. उन्होंने स्थानीय चुनावों में जीत हासिल की और लोकसभा के सदस्य बने. इस पार्टी का इतना प्रभाव था कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी इसके मुख्यालय गयीं. अब असदुद्दीन अपने पिता की सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं. इनके छोटे भाई अकबरूद्दीन, जो अपने अतिवादी भारत–विरोधी विचारों को छुपाते नहीं हैं, तेलंगाना विधानसभा में अपनी पार्टी के नेता हैं. ओवैसी ऐसी जगहों का सावधानी से चयन कर रहे हैं, जिससे सीटें भले न बढ़ें, पर वोट जरूर बढ़ें. राष्ट्रीय पार्टी होने के लिए चुनाव आयोग ने वोटों और सीटों की न्यूनतम सीमा निर्धारित की है. अभी मजलिस के पास दो लोकसभा और 14 विधानसभा सीटें हैं. राष्ट्रीय स्तर पर मतों में इसकी हिस्सेदारी एक प्रतिशत से कम है और इसे तेलंगाना समेत किसी भी राज्य में तीन प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिला है. इससे ओवैसी के विस्तारवादी कार्यक्रम को समझा जा सकता है, जिसके तहत वे जातिगत और गैर–हिंदू समुदायों से गठबंधन कर रहे हैं.साल 2017 में उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकायों में 78 में से 31 सीटों की जीत ने उन्हें उम्मीद दी है. हालांकि वे एक राष्ट्रीय साम्राज्य का सपना देखते हैं, पर केवल आठ राज्यों में ही उनकी मामूली उपस्थिति है. जैसे अन्य राष्ट्रीय पार्टियां नाममात्र के लिए मुस्लिम प्रत्याशी खड़े करती हैं, ओवैसी ने भी अपनी कठोर इस्लामिक छवि को हल्का करने के लिए कुछ हिंदुओं को स्थानीय और राज्यों के चुनाव में खड़ा किया है.उनकी पार्टी ने बिहार, तमिलनाडु, उत्तराखंड और केरल में बाढ़ राहत के लिए उदारता से खर्च किया है, पर इसके नेता हिंदुओं के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं. ओवैसी का तर्क है कि 'मजलिस मुस्लिमों का ही नहीं, दलितों और अन्य वंचितों के मुद्दे भी उठाती है. यह एक मुस्लिम पार्टी नहीं है. किसने किसी को यह अधिकार दिया है कि वह मुझे सेकुलर, सांप्रदायिक या देश–विरोधी कहे?' पर वे भूल जाते हैं कि उनकी पार्टी के नाम का अनुवाद 'मुस्लिमों की एकता के लिए अखिल भारतीय परिषद' है.शायद ओवैसी जिन्ना की तरह चल रहे हैं, जिन्होंने कहा था– उम्मीद सबसे अच्छे की रखो, तैयारी सबसे बुरे के लिए करो.' उनकी सबसे अच्छी रणनीति अपने को एक छोटे अल्पसंख्यक मोदी के रूप में तैयार करने की है, जिसमें प्रबल विचारधारा और अभिव्यक्त आकांक्षा का योग हो, लेकिन हिंदुस्तान का शहंशाह होने की कोशिश कर रहे हैदराबाद के नव–निजाम के लिए यह हमेशा मरीचिका ही रहेगा.

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन आईजेयू की शिकायत पर जिला सूचना कार्यालय के खिलाफ प्रेस काउंसिल ने लिया संज्ञान

## सूचना निदेशक लखनऊ व जिलाधिकारी मथुरा सहित आधा दर्जनों को भेजे नोटिस

मथुरा। प्रेस काउंसिल ऑफ इण्डिया (पीसीआई) ने उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में कार्यरत चार दर्जन से अधिक स्थानीय पत्रकारों द्वारा अपर जिला सूचनाधिकारी व उनके कार्यालय में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ उ प्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन (आईजेयू) मथुरा की अगुआई में की गई शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी कर दो सप्ताह में लिखित जवाब मांगे हैं। प्रेस काउंसिल ने उनके कृत्य को प्रेस की स्वतंत्रता पर अतिक्रमणध्कुठाराघात माना है। इस संबंध में कांउसिल की सचिव अनुपमा भटनागर ने पत्र जारी कर पूछा है कि उन सभी के खिलाफ प्रेस परिषद अधिनियम, 1978 की धारा 13 (1) के अंतर्गत इस मामले में कार्यवाही क्यों न की जाए। इस मामले में परिषद ने एक जांच समिति का भी गठन कर दिया है। जो उ प्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन आईजेयू मथुरा इकाई के जिलाध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज द्वारा की गई शिकायतों, और आरोपियों से मिले जवाबों का विश्लेषण कर अपना निर्णय देगी।

गौरतलब है कि उ प्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के बैनर तले जिले के चार दर्जन से अधिक पत्रकारों ने प्रेस काउंसिल ऑफ इण्डिया से शिकायत की थी कि अपर जिला सूचनाधिकारी विनोद शर्मा अपने दायित्वों के निर्वहन में अयोग्य एवं अक्षम साबित हो रहे हैं तथा वे अपने अधीनस्थों से भी उनकी जिम्मेदारियों के मुताबिक काम नहीं ले पा रहे हैं। जिसके कारण उनके कम्प्यूटर ऑपरेटर जैसे ठेकाकर्मी ने एक प्रकार से कार्यालय का संचालन अपने हाथ में लिया हुआ है। इस प्रकार जिला सूचना कार्यालय पत्रकारों से भेदभावपूर्ण व्यवहार, पक्षपात, असम्मानजनक भाषा का प्रयोग, मनमानी, पद का दुरुपयोग एवं अनियमिततापूर्ण कार्यवाही एवम अन्य कई गंभीर अनिमितताओं आदि का दोषी है

विदित हो कि इस संबंध में वादी ने पहले जिलाधिकारी सर्वज्ञराम मिश्र से शिकायत कर न्याय किए जाने की अपेक्षा की थी। जिन्होंने जिले के एक डिप्टी कलक्टर राजीव उपाध्याय को जांच अधिकारी किया था। परंतु, जैसा कि सरकारी कार्यवाही में अक्सर आपसी कामकाजियों के प्रति सहानुभूति रखते हुए लीपापोती के आरोप लगते रहे हैं, यहां भी वहीं हुआ। जिसके बाद पत्रकारों को प्रेस काउंसिल की शरण लेनी पड़ी।

काउंसिल ने इस मामले में उप्र सूचना विभाग के निदेशक सहित मथुरा के जिलाधिकारी सर्वज्ञराम मिश्र, मामले के जांच अधिकारी डिप्टी कलक्टर राजीव उपाध्याय, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र यादव, अतिरिक्त जिला सूचनाधिकारी विनोद कुमार शर्मा, ठेकाकर्मी नारायण सिंह को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में लिखित जवाब भेजने का समय दिया है।

इस मामले में मुख्य शिकायत कर्ता उ प्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन आईजेयू मथुरा इकाई के अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज का कहना है कि जनपद में अपर जिला सूचनाधिकारी नियुक्त किए गए विनोद कुमार शर्मा अपने पदभार ग्रहण करने के बाद से ही पत्रकारों का उत्पीड़न, भेदभाव, कर्तव्यहीनता जैसे आरोपों से चर्चित रहे हैं। उन्होंने बताया कि मथुरा के पत्रकारों को सम्मानजनक न्याय मिलने तक लड़ाई जारी रखेंगे।

# खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित आयोजन

(कछौना हरदोई ) ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को खेलकूद में प्रोत्साहन के लिए युवा कल्याण विभाग द्वारा




गौसगंज के स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रेम कुमार मिश्र ने बताया कि इन आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं में निखार आता है। जिससे बच्चे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। जिससे खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत ग्राम सभाओं में खेल मैदान बेहतर किए जा रहे हैं। इस आयोजन में ब्लॉक वर्ग की खेल प्रतियोगिता लंबी कूद, दौड़, गोला फेंकना, वॉलीबॉल आदि पप्रतियोगिता आयोजित की गई। 100 मीटर बालक अनूप कुमार राठौर प्रथम स्थान पर रहे, 200 मीटर अनूप राठौर प्रथम स्थान पर रहे, 400 मीटर संजीव कुमार प्रथम स्थान पर रहे, लंबी कूद अंकित प्रथम स्थान पर। वॉलीबॉल में गौरी खालसा प्रथम स्थान पर रही, इसी प्रकार बालिका वर्ग में 100 मीटर में सोनी देवी प्रथम स्थान पर, 200 मीटर में मुस्कान देवी प्रथम स्थान पर, 400 मीटर में सोनी देवी प्रथम स्थान पर, गोला प्रतियोगिता में सुनैना प्रथम स्थान पर, डिस्कस में रीमा देवी प्रथम स्थान पर, कबड्डी बालिकाओं में तेरवा दहिंगवा की टीम प्रथम स्थान पर रही। इस खेल कूद का आयोजन क्षेत्रीय खेलकूद युवा कल्याण अधिकारी प्रेम कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य प्रतिनिधि अजय प्रताप नागर द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार पत्र देकर हौसला अफजाई की गई ।इस अवसर पर शेर सिंह कनौजिया, संदीप कुमार, अशोक कुमार, सहित दूरदराज के खिलाड़ियों ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया इन आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के खेलकूद की प्रतिभाओं को अपने अंदर छिपी प्रतिभा निखारने का मंच मिलता है।

# घटतौली को लेकर किसानों व शुगर मील के सीडीओ से तीखी नोकझोंक

कछौना (हरदोई)। मंगलवार को श्रीराम सुगर मिल हरियाँवा द्वारा संचालित बालामऊ में गन्ना क्रय केंद्र पर घटतौली को लेकर किसानों व शुगर मील के सीडीओ से तीखी नोकझोंक हुई। उसके बाद किसानों ने जमकर हंगामा काटा और प्रदर्शन किया। बसन्त सिंह, निसार अली, अनिल सिंह, शिवशंकर सिंह व हेमराज, कौशलेंद्र सिंह, अनीस आदि किसानों ने बताया कि किसान धर्म कांटे से तौल कराने के बाद गन्ना सेंटर पर प्रति ट्राली 5 से 3 कुंतल कम निकलता है। शुगर मील के अधिकारियों से बात करने पर कहा गया कि सेंटर बाहर की तौल नही मानते हैं। नाराज किसानों ने जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी को समस्या से अवगत कराया। किसानों ने सीडीओ रंजीत पुनिया पर आरोप लगाते हुए कहा किसानों का शोषण घटतौली करके हजारो रुपयों का किसानों को चूना लगा रहे हैं। उल्टे किसानों को धमकाते है ।तौल करने वाले लिपिक कुंदन शर्मा ने कहा ट्रेक्टर सही नही खड़ा करने पर फर्क 50 किलो का आता है। किसानों ने कांटे की जांच कराकर दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाई की मांग की है। अब तक कि गयी घटतौली की छतिपूर्ती कराने की भी मांग की है। शुगर मील के जोनल मैनेजर चंद्रहास ने बताया कि उक्त गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों की शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेकर तौल सम्बन्धित समस्या का निराकरण कराया जाएगा। किसी भी कीमत पर किसानों का अहित नही होने दिया जाएगा।

# श्रमिकों को शतप्रतिशत पंजीयन हेतु खण्ड विकास कार्यालय पर कैंप का किया गया आयोजन

कछौना (हरदोई)। उत्तर प्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिकों का शत प्रतिशत पंजीयन हेतु खण्ड विकास कार्यालय पर निःशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी के०के० सिंह ने बताया इसमें पंजीयन के बाद श्रमिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया जाता है, जिससे वह मुख्यधारा में आ सकें। इसके लिए श्रमिकों को पंजीकरण कराना आवश्यक हैं। श्रमिक किसी भी जन सेवा केंद्र पर अपना न्यूनतम शुक्ल देकर पंजीकरण करा सकता है। इस पंजीकरण के बाद श्रमिक को पेंशन, आवास योजना, सहायता योजना, आर्थिक सहायता, शिक्षा सहायता योजना आदि सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। पंजीयन हेतु निर्माण श्रमिक की आयु 18 वर्ष से अधिक किंतु 60 वर्ष से कम होनी चाहिये। इसमें गंभीर बीमारी के इलाज हेतु सहायता भी की जाती है। इस योजना की बेहतर जानकारी व सुझाव



हेतु टोल फ्री नंबर 18001805412 पर काल करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस कैंप में 63 पंजीकरण हुए हैं। इस कैंप में ए०डी०ओ० राजेंद्र नाथ पाण्डेय, ए०डी०ओ० पंचायत मेवाराम, रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान, कंप्यूटर ऑपरेटर, जन सेवा केंद्र संचालक पी०डी० गुप्ता मौजूद रहे।

# पाँच सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

संवाददाता

लखनऊ। बीती रविवार की शाम को मोहनलालगंज व्यापार मण्डल अध्यक्ष व प्रधानपति सुजीत कुमार पाण्डेय की हत्या को संज्ञान लेकर मंगलवार को सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री उप्र अखिलेश यादव ने मृतक स्व.पाण्डेय के परिजनों से बात कर क्षेत्रीय विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल भेजकर पूरी जानकारी हासिल करने के निर्देश दिए। प्रतिनिधि मंडल के सदस्य विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, पूर्वमंत्री पवन पाण्डेय,जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, लखनऊ नगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष रामस्वरूप सिंह यादव ने मृतक के परिवार से पूरी जानकारी हांसिल की।

साथ ही परिजन पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट नहीं दिखे और हत्यारो और साजिशकर्ताओं को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजने और सजा दिलाने में सहयोग किये जाने की मांग किया। पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने बताया कि स्व. पांडेय के हत्या का शीघ्र खुलासा न हुआ तो सपा आरपार की लड़ाई लड़ेगी। विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने बताया कि स्व. सुजीत पाण्डेय की हत्या अत्यंत निंदनीय है,मामले के हर पहलूओ की जांच कर जानकारी ली गयी है जिसकी जिसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मा.राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को सौंपी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल के साथ पूर्व अध्यक्ष के के सी अमरपाल सिंह, श्रवण कुमार यादव एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष एमबीए,रमेश राही जिला सचिव व सह प्रभारी सपा मोहनलालगंज, जिला उपाध्यक्ष नवनीत सिंह , ज्ञानेंद्र सिंह प्रधान,हरिशंकर रावत,नितुल शर्मा, मो रईस सहित अन्य शामिल रहें।



# एमजी मोटर, टाटा पावर ने उत्तरप्रदेश की राजधानी में पहले सुपरफास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया




संवाददाता

लखनऊ। एमजी मोटर इंडिया और टाटा पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में पहले 60 किलोवॉट के सुपरफास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। यह उद्घाटन दोनों कंपनियों की ओर से उत्तरप्रदेश में शुरू किया गया दूसरा चार्जिंग स्टेशन है। इससे पहले पिछले महीने दोनों कंपनियों ने आगरा में पहले 60 किलोवॉट सुपरफास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया था। यह सुपरफास्ट चार्जिंग स्टेशन एमजी की टाटा पावर के साथ में हुई साझेदारी का एक हिस्सा है, जिसके तहत पूरे देश में 60 किलोवॉट के डीसी सुपरफास्ट चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने हैं। नया पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन CCS/CHAdeMO फास्ट–चार्जिंग स्टैंडर्ड्स के अनुकूल सभी वाहनों के लिए उपलब्ध रहेगा और अपने ग्राहकों को 5–वे चार्जिंग इकोसिस्टम प्रदान करने के लिए एमजी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। एमजी ZS EV – भारत की पहली शुद्ध इलेक्ट्रिक इंटरनेट एसयूवी– इस फेसिलिटी में 50 मिनट में 80: तक चार्ज हो सकती है। ZS EV के साथ अन्य चार्जिंग विकल्पों में फ्री–ऑफ–कॉस्ट एसी फास्ट–चार्जर (ग्राहक के घर / कार्यालय में स्थापित), विस्तारित चार्जिंग नेटवर्क, एक प्लग–एंड–चार्ज केबल ऑनबोर्ड और आरएसए (रोड साइड असिस्टेंस) के साथ चार्ज–ऑन–द–गो शामिल हैं। एमजी मोटर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी गौरव गुप्ता ने उद्घाटन पर बोलते हुए कहा, "हम यू.पी. को और उसके नागरिकों को दूसरे सुपरफास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन के लिए बधाई देना चाहते हैं। टाटा पावर के साथ हमारी साझेदारी ग्राहकों को एक मजबूत चार्जिंग इकोसिस्टम प्रदान करने की है। हमें विश्वास है कि चार्जिंग स्टेशन से ईवी की मांग बढ़ेगी, जिससे क्लीनर और ग्रीन मोबिलिटी सॉल्युशन को अपनाया जा सकेगा। हमारे सहयोगी के रूप में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रमुख कंपनी टाटा पावर को साथ लेकर हम आश्वस्त हैं कि हमारा तालमेल नई ऊंचाइयों को छुएगा। हमें भरोसा है कि हम आगे चलकर अच्छा तालमेल बिठाएंगे। उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए, श्री राजेश नाइक, प्रमुख – न्यू बिजनेस सर्विसेस, टाटा पावर ने कहा, "हम एमजी मोटर इंडिया के साथ मिलकर लखनऊ में अपने पहले ईवी चार्जिंग स्टेशन पेश करते हुए गर्व और खुशी महसूस कर रहे हैं। हमारा प्रयास भविष्य में हमारे संभावित ईवी ग्राहकों के लिए बेहतर इकोसिस्टम का निर्माण करना है। जैसे–जैसे भारत टिकाऊ ऊर्जा को अपनाने की ओर आगे बढ़ रहा है, हम ग्राहकों को सर्वोत्तम टिकाऊ ऊर्जा समाधान प्रदान करना जारी रखेंगे और इस रोचक परिवर्तन के लिए और अधिक शहरों को जोड़ने के लिए तत्पर रहेंगे। टाटा पावर ने EZ चार्ज ब्रांड के तहत 24 अलग–अलग शहरों में 200 चार्जिंग पॉइंट्स के साथ ईवी चार्जिंग इकोसिस्टम बनाया है, जो एक आसान और सुगम ग्राहक अनुभव की सुविधा के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ है। एमजी–टाटा पावर की साझेदारी में मुख्य मूल्य और ऑपरेटिंग मॉडल शामिल होंगे जो उनके मौजूदा ग्राहक–केंद्रित दृष्टिकोणों के अनुरूप हैं। एमजी ने हाल ही में लखनऊ में 20.88 लाख (एक्स–शोरूम, लखनऊ) की आकर्षक कीमत पर ZS EV लॉन्च किया है। अपने लॉन्च के एक साल से भी कम समय में एमजी ने गुजरात में अपनी हलोल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से 1,000 से अधिक ZS EVs को रोल–आउट किया है। ZS EV निजी पंजीकृत कारों के लिए ईशील्ड के साथ आती है, जिसमें कार पर असीमित किलोमीटर के लिए 5–वर्ष की मैन्युफैक्चरर वारंटी, बैटरी पर 8 साल 150 हजार किमी की वारंटी और चौबीसों घंटे सड़क किनारे सहायता ( 5 वर्ष की अवधि के लिए आरएए) दिया जा रहा है।

# सम्पत्ति/परिसंपत्ति का अधिग्रहण कार्य तत्काल पूरी पारदर्शिता के साथ प्रारम्भ करायें-जिलाधिकारी

## परियोजना का निर्माण कार्य माह जून 2021 से प्रारम्भ कर 06 माह में पूर्ण करना है– अविनाश कुमार

## ग्रामीण क्षेत्र में भूमि सर्किल रेट से चार गुना तथा नगरीय क्षेत्र में दो गुना की दर से क्रय होगी–पटेल

हरदोई। तहसील शाहाबाद, सवायजपुर एवं बिलग्राम के 86 गांवों से गुजरने वाली गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के क्रियान्वन के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने उपस्थित कानूनगो, रजिस्ट्रार एवं लेखपालों को निर्देश दिये सरकार कि इस अत्यन्त महात्वाकांक्षी परियोजना की गंभीरता समझते हुए परियोजना के अन्तर्गत होने वाले समस्त कार्यो का क्रियान्यवन निर्धारित समय पर करें। उन्होने कहा कि परियोजना का निर्माण कार्य माह जून 2021 से प्रारम्भ कर 06 माह में पूर्ण करना है, इसलिए संबंधित तहसीलों के राजस्व विभाग के अधिकारी एवं पीडब्लूडी, विद्युत, नलकूप, जल निगम आदि विभाग के अधिकारी तहसील के लेखपालों से समन्वय बना सम्पत्तिध्परिसंपत्ति का अधिग्रहण करने का कार्य तत्काल प्रभाव से पूरी पारदर्शिता के साथ प्रारम्भ कराना सुनिश्चित कराये।



बैठक में यूपीडा के विशेष कार्याधिकारी चुनकू राम पटेल ने गंगा एक्सप्रेसवे के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी देते हुए उपस्थित राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देश एवं प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाली इस परियोजना के क्रियान्वय कार्य तत्काल प्रभाव प्रारम्भ कर दें। उन्होने कहा संबंधित तहसील के लेखपाल गंगा एक्सप्रेसवे निकलने वाली भूमि का पैदल चलकर नक्शे के आधार पर मानक के अनुसार भूमि का प्रस्ताव तहसीलदार के माध्यम से जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध करायें। श्री पटेल ने बताया कि भूमि चिहिंत होने के उपरान्त तत्काल संबंधित किसानों आदि से भूमि क्रय हेतु समझौता पत्र के सभी कालम बिना कटिंग के भरे जायेगें और इसके उपरान्त उक्त गांवों का प्रकाशन कराया जायेगा। उन्होने कहा गंगा एक्सप्रेसवे के प्रस्तावित क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र में आने वाले किसानों की भूमि को सर्किल रेट से चार गुना अधिक दर पर क्रय किया जायेगा और नगरीय क्षेत्र में आने वाली भूमि को सर्किल रेट से दो गुना अधिक पर क्रय किया जायेगा। उन्होने लेखपालों से कहा समझौते पत्र में किसान का खसरा, खाता संख्या एवं भूमि का क्षेत्रफल का अवश्य अंकन करें और एक नम्बर में कई लोगों की आने वाली भूमि का बैनामा एक साथ करायें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के क्रियान्यन में पूरी सावधानी एवं सतर्कता के साथ पूर्ण करें और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी, इसलिए किसी भी बिन्दू पर शंशाय होने पर अपनी पुनः उसकी जानकारी अपने एसडीएम एवं तहसीलदार से अवश्य लें। बैठक में उप जिलाधिकारी शाहाबाद अतुल प्रकाश श्रीवास्तव, सवायपुर दीपक कुमार वर्मा, एसओसी चकबन्दी बीएन उपाध्याय, अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम, नलकूप, वन, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित संबंधित तहसील के तहसीलदार, कानूनगो, रजिस्ट्रार एवं लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# पति ने ही एक लाख में शार्प सूटरों से कराई प्रीति की हत्या

### –पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

### –दो शार्प सूटरों की तलाश में जुटी हैं पुलिस टीमें

मथुरा। 19 दिसम्बर को रात के करीब आठ बजे कोकिलावन शनिदेव मंदिर से दर्शन कर लौट रहे कार सवार दंपति पर कोसीकला क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना में महिला प्रीति पाल की हत्या कर दी गई थी। पति को सुनील को भी हाथ में गोली लगी थी। सूचना पर एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर सहित दूसरे पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये थे। फारेंसिक टीम को भी बुला लिया गया था। आलाधिकारियों ने घटना का बारीके से निरीक्षण किया था। फारेंसिक टीम ने भी सबूत जुटाये थे। एसएसपी ने इस घटना का गंभीरता से लिया। एसओजी सहित पुलिस की कई टीमों को मामले के खुलासे के लिए लगाया गया था। पुलिस ने सुनील को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। महिला मथुरा की रहने वाली थी। अभी पुलिस मामले में सुरागनशी कर ही रही थी। मृतका के भाई ने अपने जीजा सुनील के खिलाफ ही पुलिस को तहरीर दे दी और सुनील पर ही हत्या का आरोप लगा दिया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष के दूसरे लोगों से भी पूछताछ शुरू की। इसके बाद पुलिस ने सुनील को हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू कर दी। घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों को सुनील ने बताया कि दो बाइकसवारों ने उनके उपर गोलियां बरसाई हैं। मृतका के भाई की तहरीर के बाद आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पुलिस का शक और बढा दिया। प्रीति के सिर में गोली लगने से उसकी मौत हुई थी लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि प्रीति के दो गोलियां मारी गई थीं। एक गोली उसके पेट में ही फंसी हुई थी। फारेंसिक टीम की ओर से मिल रहे इनपुट भी पुलिस के शक पुख्ता कर रहे थे। कई दूसरे कोणा के साथ ही पुलिस की जांच इस बात पर भी अटकी हुई थी कि सुनील भी हत्यारा हो सकता है। लगातार पुछता के बाद पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया। एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने खुलासा करते हुए बताया कि सुनील जिम संचालक है। उसके अपनी पत्नी के साथ संबंध ठीक नहीं चल रहे थे। हत्यारोपी सुनील के किसी अन्य महिला से भी इस बीच संबंध बन गये थे। जिसका पता प्रति को चला गया था। प्रीति अपने पति का लगातार इस बात के लिए विरोध कर रही थी।

मृतका के पति सुनील का
9 दिसम्बर को कोसीकला क्षेत्र में प्रीति नामक महिला की हत्या हो गई थी। सुनील घायल हुए था। घटना स्थल का निरीक्षण किया गया था, फोरेंसिक टीम भी बुलाई गयी थी। पडताल में पता चला कि पति सुनील का अपनी पत्नी प्रीति पाल से विवाद चल रहा था। एक महिला से भी सुनील के संबंध प्रकाश में आये हैं। अपनी पत्नी को रास्ते से हटाने के लिण् एक लाख रूपये की धनराशि देकर सुनील ने सूटरों को हायर किया गया था। सुनील ने अपने उपर भी फायरिंग कराई गयी थी। सुनील ने ही पूरा षणयंत्र रचा गया था। सुनील को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।
–डा.गौरव ग्रोवर, एसएसपी मथुरा

# सड़क सुरक्षा की बैठक सम्पन्न

संवाददाता

लखनऊ। मण्डलायुक्त रंजन कुमार की अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मण्डलायुक्त कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुयी, जिसमें आर0टी0ओ0 (प्रवर्तन) विदिशा सिंह, आर0टी0ओ0 लखनऊ संभाग आर0पी0 द्विवेदी, ए0डी0सी0पी0 (ट्रैफिक) पुर्णेन्द्र सिंह सहित सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी वाहन एसोशियेशन व नर्सिंग होम एसोशियेशन के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मण्डल के समस्त जनपदों में सड़क दुर्घटना की समीक्षा की गयी, जिसमें पूरे मण्डल में 2833 दुर्घटनाये हुयी तथा उन दुर्घटनाओं में 1910 लोगों की मृत्यु हुयी, मण्डलायुक्त ने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी एक सप्ताह में अध्ययन कर एक रिपोर्ट तैयार करें कि यह 2833 दुर्घटनाये किस कारण से हुयी, कहा पर क्या सुधार कर उन दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है, इसी प्रकार 1910 मौतों का भी अध्ययन कर एक रिपोर्ट तैयार की जाये कि मृत्यु का क्या कारण था। सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा अवगत कराया गया कि मण्डल में कुल 220 ब्लैक स्पाट्स है जिन पर सुधार की कार्यवाही की जा रही है। जिसके लिये मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि ब्लैक स्पाट्स में सम्बन्धित विभाग द्वारा रम्बल स्ट्रिप, कैट आई, रोड़ साइनेज आदि लगवाये जायें, सड़कों के किनारे अनावश्यक रूप से वाहनों को खड़े होने से रोका जाये तथा यह प्रयास किया जाये कि सड़क पर चलने वाले वाहनों में रिफ्लेक्टर अवश्य लगाा हो क्योंकि अधिकांश दुर्घटनाये सड़क पर खड़े वाहनों में रिफ्लेक्टर न लगे होने की वजह से होती है। सड़क दुघर्टना में घायलोंध्मृतकों के आश्रितों को सहायता धनराशि प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि मण्डल में हिट एवं रन से सम्बन्धित सोलशियम स्कीम के तहत सहायता प्रदान किये जाने के कुल 134 प्रकरण है जिनमे से 31 प्रकरण है निस्तारित किये जा चुके है। मण्डलायुक्त ने अवशेष प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। मण्डलायुक्त ने समस्त हास्पिटल, थानों, टोल प्लाजा व जनपद के मुख्य मार्गों पर बैनर, पोस्टर होर्डिंग्स के माध्यम से गुड सेमेरिटन का व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गुड सेमेरिटन से आशय की ऐसा व्यक्ति जो कि किसी सड़क दुर्घटना में घायल किसी व्यक्ति की मद्द करेगा। हास्पिटल पहुचायेगा उस व्यक्ति से पुलिस व हास्पिटल के द्वारा अनावश्यक परेशान नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिससे कोई भी व्यक्ति किसी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की मद्द करने में कोई हिचक नही दिखायेगा। उन्होंने कहा कि मण्डल के सभी जनपदों में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न करा ली जायें। उन्होंने कहा कि समस्त स्कूलों के वाहनों के फिटनेश की जांच करायी जायें। बैठक में यातायात पुलिस द्वारा अवगत कराया गया कि शहीद पर यदि कोई दुर्घटना होती है तो छभ्।प् क्रेन आने में काफी समय लगता है और यातायात प्रभावित होता है। क्योकि छभ्।प् की क्रेन टोल प्लाजा कानपुर रोड़ व फैजाबाद रोड़ पर उपलब्धा रहती है। जिसके लिये मण्डलायुक्त द्वारा निर्देश दिये गये कि एक पत्र छभ्।प् के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित किया जाये उपरोक्त समस्या के सम्बन्ध में कि छभ्।प् द्वारा शहीदपथ के लिये एक अतिरिक्त क्रेन की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये जो शहीद पथ के आस–पास ही खड़ी रहें जिससे यदि कोई दुर्घटना घटित हो तो कम से कम समय में यातायात का सुचारू रूप में संचालन हो सके।,?

# एसडीएम ने मुंसिफ कोर्ट परिसर का किया मुआयना

संवाददाता

सोनभद्र। स्थानीय तहसील के आला अधिकारियों की टीम ने शनिवार को मुंसिफ कोर्ट परिसर का मुआयना किया। उन्होंने परिसर में अतिक्रमणकारियों को ध्च्हितत कर मुकदमा दर्ज कराने, जर्जर हो चुके मालखाना व चहारदीवारी का जीर्णोद्धार कराए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने परिसर स्थित जर्जर हो चुके मालखाना को देखकर उसके स्थिति पर चिंता जाहिर की। उन्होंने मालखाना के दीवारों पर चारों तरफ से पेड़ पौधे झाड़ियां उग आए है और इसकी दीवारें जगह से दरार खा रही है। इसके जीर्णोद्धार के साथ उसके चारों ओर चाहरदीवारी बनवाये जाने को लेकर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी भारत सिंह को निर्देश दिए। परिसर में जहाँ तहां अस्थाई तौर पर फैले लकड़ी, तंबू, गिट्टी, ईंट आदि को देखकर नाराजगी जताई और उन्हें दो घंटे के भीतर परिसर में बिखरे सामानों को हटवाने के निर्देश संबंधितों को दिए। ऐसा ना करने पर नगर पंचायत प्रशासन को सारे सामानों को जब्त कर वहां से हटवाने के साथ मुकदमा पंजीकृत कराने के निर्देश दिए। परिसर में कई लोगों ने अपने घर का दरवाजा सरकार की खाली पड़ी भूमि के तरफ खोल लिया गया है। कई लोगों ने शटर आदि लगा लिए है, जिसे देखकर एसडीएम ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने लेखपाल अनिल मौर्य को सब को चिन्हित कर मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही जल्द से जल्द अभियान चलाकर कर सारे अतिक्रमण ध्वस्त कराने के निर्देश तहसीलदार सुरेश चंद्र को दिये। एसडीएम के तेवर देखकर अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। दुद्धी बार संघ के अध्यक्ष जितेंद श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि अवैध अतिक्रमणकारियों को नजर सरकार की खाली पड़ी भूमि पर है, जो नित्य किसी ना किसी रूप में अपना कब्जा बढ़ाये जा रहे है और मानने को तैयार नहीं है। अधिकारी आते है और चले जाते है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं दिख रही है, जिससे कब्जेधारियों का मन बढ़ा हुआ है। परिस्थितियों को देखते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी जमीन की नापी कराकर पूरे परिसर की चारों ओर ऊंची चाहरदीवारी बनाई जाएगी, तभी इस समस्या से निजात मिलेगी और अधिवक्ताओं की सुरक्षा भी बनी रहेगी। उन्होंने लेखपाल अनिल मौर्या को परिसर के पश्चिम व दक्षिण साइड की पूरी नाप कर रिपोर्ट मांगा है। उन्होंने कहा कि कि चारों तरफ से परिसर को सुरक्षित करने में कुल कितनी लंबी दीवार बनवाये जाने की जरूरत है, इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी और सीएसआर के तहत इसका निर्माण कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान परिसर में लगी कूड़ो के ढेर को देखकर उपजिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और परिसर की साफ सफाई कराने का निर्देश ईओ भारत सिंह को दिए।

# पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम ने हरपालपुर में अवैध शराब का जखीरा किया बरामद

(मरियम टाइम्स न्यूज ) !डीएम अविनाश कुमार एवं एसपी अनुराग वत्स के दिशा निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी द्वारा आकस्मिक दबिश दी गई। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर ने मरियम टाइम्स को बताया कि दबिश दौरान लगभग




श्री रविशंकर के नेतृत्व में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज 22–12– 2020 को थाना हरपालपुर के ग्राम मोरचा, मोरचाबाग तथा बडागाँव में आबकारी एव पुलिस की टीम 90 ली कच्ची शराब, 1000 किग्रा लहन तथा 2 भट्टी सहित शराब बनाने के अन्य उपकरण बरामद किए गए
। मौके पर लहन नष्ट कर शराब को कब्जे में लिया गया, तथा 4 व्यक्तियों हरिनाम सिंह उर्फ गुड्डू सिंह , गुडडी देवी पत्नी गुड्डू ,रामप्यारी पत्नी सुआलाल तथा गेदनलाल पुत्र छोटे लाल निवासीगण ग्राम मोरचाबाग थाना हरपालपुर को मौके पर गिरफ्तार करते हुये 5 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 व 60(2) के तहत अभियोग पंजीकृत किये गये। मरियम टाइम्स को मिली जानकारी के मुताबिक आबकारी टीम में आबकारी निरीक्षक सवायजपुर अखिलेश बिहारी वर्मा, प्रधान आबकारी सिपाही जितेन्द्र गुप्ता,रामप्रकाश यादव आबकारी सिपाही प्रेम किशोर ,चन्द्र मोहन सिंह व चालक राहत खान तथा थाना हरपालपुर से उप निरीक्षक नीरज बघेल मय टीम मौके पे मौजूद रहे।

# शादी के 11 साल बाद विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

संवाददाता ,

पीलीभीत दियोरिया कला। शादी होने के 11 साल बाद विवाहिता को उसके पति और ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया है। विवाहिता अपने पिता के साथ मायके में रह रही है। जिसके एक पुत्री भी है। विवाहिता को पता चला कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। पीड़ित विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। क्षेत्र के गांव अंडाह निवासी महेश कुमार ने अपनी पुत्री गुलशन की शादी वर्ष 2009 में जनपद बरेली के थाना भुता के गांव बहादुरपुर निवासी सत्यपाल के पुत्र अर्जुन से की थी। कुछ समय तक सब कुछ ठीक ठाक रहा बाद में पति और ससुराल वाले मिलकर मारपीट कर परेशान करने लगे। विवाहिता ने कोर्ट में मुकदमा भी दायर कर दिया। जिसके बाद पति उसे विदा कराकर ले गया और कुछ दिन बाद मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता अपने पिता के साथ रहकर अपना गुजारा कर रही है। इसी बीच विवाहिता को पता चला कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है और विवाहिता को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित विवाहिता ने दियोरिया कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

# पांच लोगों की जिंदा जलने से मौत

आगरा। दुर्घटना और मौत बिन बुलाई मेहमान होती है। यमुना एक्सप्रेस वे से सुबह–सुबह बेहद दर्दनाक हादसा हो गया। जहां आगरा टोल प्लाजा के निकट एक्सप्रेस वे पर गलत दिशा से आ रहे नागालैंड नंबर के कंटेनर से टकराकर कार में सवार सभी लोग जिंदा जल गए।

कार सवार लोग मांगते रहे मदद मगर...

बता दें कि आगरा के थाना खंदौली क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे के टोल प्लाजा के निकट यह दर्दनाक हादसा हुआ है। वहीं ग्रामीणों और चश्मदीदों ने बताया कि कार सवार लोग मदद मांगते रहे मगर घटना के एक घंटे बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। लखनऊ नंबर की गाड़ी न्च 32 झ्ं 6788 में सवार सभी लोग दिल्ली की ओर जा रहे थे।







# श्रद्धालुओं से भरी मैक्स पिकअप पलटी, दो दर्जन घायल

### –एक्सल टूटने से अनियंत्रित हुई गाडी, कई की हालत गंभीर

### –गंभीररूप से घायलों को किया आगरा रेफर, जिला चिकित्साय में भी चल रहा है इलाज

मथुरा। हाथरस से राजस्थान के गांव खेलडी में सत्संग में सामिल होने जा रहे श्रद्धालुओं की मैक्सपिक अप गाडी का एक्सल टूट गया। गाडी अनियंत्रित होकर एक पेड से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हुए हैं। इनका इलाज मथुरा के जिला चिकित्सालय में चल रहा है। गंभीररूप से घायलों को आगरा के लिए रेफर कर दिया गया है।

हाथरस के गांव पुराखुर्द और उसके आसपास के गांव के लोग मैक्स पिकअप गाडी से राजस्थान के खेडली कस्बे में चल रहे महाराज जी के सत्संग में भाग लेने के लिए मंगलवार की सुबह चले थे। राया में पैट्रोल पम्प पर मैक्स चालक ने डीजल डलवाया। यहां कुछ दूर वह चले थे कि गांव हथोडा के पास उनकी गाडी का का एक्सल टूट गया और गाडी अनियंत्रित होकर पेड से जा टकराई। पेड से टकराने के बद गाडी पलट गई। हादसा होने से चीख पुकार मच गई। आसपास से लोग घटना स्थल की ओर दोडे और कुछ घायलों को सुरक्षित किया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। एम्बूलेंस के माध्यम से एक दर्जन से अधिक गंभीर घायलों को पहले जिला चिकित्सालय भेजा गया। यहां से कुछ को आगरा के लिए रैफर कर दिया गया। जबकि 12 घायलों का इलाज मथुरा के जिला चिकित्सालय में चल रहा है। इनमें चार महिला और आठ पुरूष है। घायल महिला 22 वर्षीय मधु ने बताया कि वह खेलडी राजस्थान में चल रहे महाराज जी के सत्संग में जा रहे थे। हादसे के बाद घायलों के परिजन भी मथुरा जिला अस्पताल पहुंचे लगे थे।

# ऊर्जा मंत्री पहुँचे विधुत विभाग के कार्यालय, किया औचक निरीक्षण

मनोज चाहर

आगरा। आगरा दक्षिणांचल विधुत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय में उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा पहुंचे। वहां अधिकारियों के साथ उन्होंने समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान बिजली को लेकर उन्होंने अधिकारियों से बात की। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता को सही बिल और समय पर बिल मिले इसके लिए दिशा निर्देशित किया गया है।

सरकार जिला मुख्यालय पर 24 घंटे,तहसील पर 20 घंटे,गांव में 18 घंटे बिजली देने के लिए कटिबद्ध है। कृषि बिल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कृषि बिल किसानों के हित में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की आय कैसे बड़े उस पर लगातार कार्य कर रहे हैं। किसान आंदोलन को लेकर उन्होंने कहा कुछ विपक्षी दल अपना अस्तित्व खो चुके हैं। आंदोलन की आड़ में अपने स्वार्थों की पूर्ति कर रहे हैं। किसानों के कंधे पर रखकर बंदूक चला रहे हैं ज्यादातर किसानों की समझ में बिल आ गया है। हमारे केंद्रीय कृषि मंत्री लगातार किसान संगठनों से बात कर रहे हैं।





# मड़ियावं मे डबल मर्डर से सनसनी पुलिस ने चन्द घंटो के अंदर किया वारदात का खुलासा

## महिला के साथ लीव इन रिलेशन शिप मे रह रहे बुजुर्ग के बेटो और पोतो ने किया कत्ल

संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के मड़ियावं थाना क्षेत्र में बीती रात डबल मर्डर की सूचना के बाद सनसनी फैल गई । डबल मड़र की सूचना के बाद पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर भी मौके पर पहुँचें। मड़ियाव के सेमरा गौड़ी गॉव मे बीती रात एक महिला के साथ लीव इन रिलेशनशिप मे रह रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग और उसके साथ रह रही 60 वर्षीय महिला की बुजुर्ग के तीन बेटो और दो पोतो ने शाल से गला दबा कर निर्मम हत्या कर दी। डबल मर्डर की देर रात पुलिस को कन्ट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली तो पुलिस ने तत्काल मौके पर पहॅुच कर शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और महज कुछ घंटो के भीतर ही डबल मर्डर की घटना को अन्जाम देने वाले पांचो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात करीब 1 बजे मड़ियावं पुलिस को कन्ट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली के मड़ियाव के सेमरा गौड़ी गॉव मे 60 वर्षीय शान्ती देवी के साथ लीव इन रिलेशन शिप मे रहने वाले रहने वाले 70 वर्षीय किसान राम दयाल की हत्या कर दी गई है। डबल मर्डर की सूचना के बाद पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर भी मौके पर पहॅुचे और डबल मर्ड की इस सनसनी खेज घटना के जल्द खुलासे के लिए पुलिस को निर्देशित किया। मड़ियाव पुलिस ने डबल मर्डर की इस सनसनीखेज घटना की जॉच शुरू की तों कुछ देर मे ही दूध का दूध आरै पानी का पानी हो गया। पुलिस ने मृतक की पहली पत्नी के तीन बेटो राम मिलन, प्रवीण कुमार उर्फ पाडेण्य, संतोष व दो पोते राहुल व अवनीश को गिरफ्तार कर जब पूछताछ की तो पता चला की इन्ही लोगो के द्वारा राम दयाल और शान्ती देवी की शाल से गला कस कर हत्या की गई थी। पुलिस ने हत्या के पांचो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के अनुसार मृतक की पहली पत्नी से तीन बेटे और दो बेटियां है लेकिन काफी समय से मृतक राम दयाल शान्ती देवी के साथ लीव इन रिलेशन शिप मे रह रह था श्री0 ठाकुर के अनुसार मृतक के पास दो बीधा जमीन थी जिसमे से ईटौंजा के पास स्थित साढ़े 6 बिसवा बेश कीमती जमीन को राम दयाल द्वारा 57 लाख रूपए मे बचा गया था बिक्री के साढे 11 लाख रूपए मृतक के खाते मे और 4 लाख रूपए शान्ती देवी के पुत्र मोनू के खाते मे आ चुके थे। श्री0 ठाकुर का कहना है कि बीती रात करीब साढ़े नौ बजे मृतक के तीन पुत्र और दो पोते मृतक के पास आए और उन्होने ईटौजा की जमीन बेचे जाने का विरोध किया तो मृतक के साथ रह रही शान्ती देवी द्वारा मृतक के पुत्रो से तल्ख लहजे मे कहा गया कि अभी जो जमीन बची है उसे भी बेच देंगे तुम लोग रोकने वाले कौन होते हो इस बात से नाराज मृतक के तीनो बेटो और दोनो पोतो ने गुस्से मे आकर राम दयाल और शान्ती देवी की शाल से गला दबा कर हत्या कर दी और फरार हो गए। घटना के बाद मृतक शान्ती देवी के पुत्र संजय मौर्या द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जब जॉच शुरू की तो मामाला जमीन विवाद को लेकर पारिवारिक किला जिसमे पुलिस को कामयाबी मिली और पुलिस ने दोहरी हत्या की इस rरदात का खुलासा करते हुए पॉच आरापियों को गिरफ्तर कर लिया । मृतक के रिश्तेदारो का कहना था कि राम दयाल जब से शान्ती देवी के सम्पर्क मे आए तब से वो अपनी पत्नी बेटे बेटियों को अपनी सम्पत्ति मे से कुछ भी देने से राजी नही थे इसी बात को लेकर अक्सर पति पत्नी और पिता पुत्रो के बीच वाद विवाद होता रहता था इस बीच जब राम दयाल के पुत्रो को ईटौजा की जमीन बेचे जाने का पता चला और बेची गई जमीन मे से एक रूपया भी पहली पत्नी और बेटो को नही दिया गया तो पिता पुत्रो के रिश्तो के बीच नफरत की गहरी खाई बन गई जिसके नतीजे मे पुत्रो और पोतो के द्वारा इस सनसनी खेज वारदात को अंजाम दे दिया गया।

# किसान गोष्ठी अभियान 26 दिसम्बर से

संवाददाता

लखनऊ। आज राम निवास यादव राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन की अध्यक्षता में विजयन्त खंड गोमती नगर में बैठक आहुत की गयी इस बैठक में समस्त पदाधिकारीगणों ने हिस्सा लिया और बैठक में मुख्य रूप से नये कृषि बिल के समर्थन हेतु देशभर में किसान गोष्ठी अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। जिसकी शुरूआत आगामी 26 दिसम्बर 2020 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले से किसान गोष्ठी अभियान प्ररम्भ किया जायेगा। लखनऊ जिले की प्रत्येक तहसील पर किसानों को कृषि बिल के लाभ एवं विपक्षियों द्वारा फैलाये जा रहे भ्रम को दूर करने का प्रयास किया जायेगा तथा कृषि बिल किसान हित में है इसलिए कृषि बिल को वापस न लिया जाये और राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के जुडे सभी किसान भाई गांव–गांव जाकर कृषि बिल के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे है इसके साथ किसान सम्मान निधि को 6हजार रूपये से बढ़ाकर 12हजार रूपये, किसान की जमीन के अनुसार सभी फसलों का खरीद कार्ड बनवाने हेतु, किसान कार्ड की अवधि 6माह से बढ़ाकर 12माह, किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल बीमा मुफ्त करने, ट्रैक्टर सहित कृषि यंत्रों की खरीद पर ब्याज दर कम करने, कृषि सिचाई हेतु बिजली फ्री करने, स्वास्थ्य लाभ हेतु देश के सभी किसानों को आयुष्मान भारत योजना में सम्मिलित करने तथा प्रत्येक ग्रामसभा में एक–एक गौशाला का निर्माण करवाकर आवारा पशुओं को संरक्षित करने का प्रयास भी किया जा रहा है। आज की इस बैठक में मुख्य रूप से अवधेश प्रताप सिंह, बलीराम वर्मा, वीरेन्द्र कुमार रावत, राज कुमार पांडेय, मूलचन्द्र यादव, शम्भू पांडेय, विमल यादव, खलील अहमद, सहनवाज हुसैन, डा0 अनूप सिंह, अनिल जायसवाल, सुनील सिंह सूरज, आदित्य मिश्रा तथा रंजीत यादव भी उपस्थित रहे।

## कैटः 18 जनवरी 2021 तक जांचें पूरी करें, नहीं हो एसीएस होम कोर्ट में आयें

संवाददाता, लखनऊ। केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) के लखनऊ बेंच ने अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी को आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर के खिलाफ लंबित विभागीय जांचों को 18 जनवरी 2021 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश न्यायिक सदस्य मंजुला दास तथा प्रशासनिक सदस्य ए मुखोपाध्याय की बेंच ने दिया. कैट ने कहा कि इससे पहले 28 जनवरी 2020 को भी प्रतिवादी को 15 फरवरी 2020 तक जाँच पूरी करने के निर्देश दिए गए थे. इस आदेश के बाद मामले में कई बार सुनवाई हुई किन्तु प्रतिवादी द्वारा अब तक कैट के आदेशों का पालन नहीं किया गया है। कैट ने कहा कि श्री अवस्थी एक माह में कैट के आदेशों का अनुपालन किये जाने विषयक आख्या कैट के सामने प्रस्तुत करें अन्यथा उन्हें सुनवाई की अगली तिथि 18 जनवरी 2021 को कैट के सामने उपस्थित होना पड़ेगा।कैट ने 11 मार्च 2019 को अमिताभ के खिलाफ लंबित 04 जांचों को 03 माह में समाप्त करने का आदेश दिया था जिसके बाद श्री अवस्थी के खिलाफ अवमानना नोटिस निर्गत किया गया। अमिताभ के खिलाफ पहली जाँच 13 जुलाई 2015 को शुरू हुई थी तथा शेष 03 जांचें जुलाई 2015 से अगस्त 2016 में शुरू हुई. अमिताभ द्वारा बार–बार अनुरोध के बाद भी ये सभी जांच अभी तक लंबित हैं।

# संविधान का सम्मान ही देश को खुशहाली की ओर ले जाता है : लक्ष्य

संवाददाता

लखनऊ। लक्ष्य की युथ टीम ने संत गाडगे बाबा के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बहुजन जनजागरण अभियान के तहत एक कैडर कैम्प का आयोजन लक्ष्य युथ कमांडर राहुल कुमार व अखिलेश गौतम के नेतृत्व में लखनऊ के गांव सरोसा में किया जिसमें कड़कड़ाती ठण्ड के बावजूद आसपास के गाँवो के युवाओं, महिलाओं व बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया, अगर देश के सभी नागरिक विशेषतौर से नेता लोग संविधान का सम्मान करना सीख जाएं तो देश में मजबूत भाईचारा बन जायेगा अर्थात् सभी नागरिकों को संविधान में प्रदत अधिकारों के साथ साथ जिम्मेदारियों का भी ध्यान रखना चाहिए। ऐसा कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए जो संविधान के विरुद्ध हो और जिससे देश में भाईचारा बिगड़ता हो,यह बात लक्ष्य के कमांडरों ने कैडर कैम्प में अपने सम्बोधन के दौरान कही, उन्होंने दुःख प्रकट करते हुए कहा कि कुछ नेता अपने स्वार्थ में कुछ भी बोल जाते है जोकि सविधान के विरुद्ध होता है और जिसके कारण समाज में भाईचारा बिगड़ जाता है उनको देखकर अन्य दूषित मानशिकता वाले लोग भी ऐसे कार्य करते है जो समाज में भाईचारे के खिलाफ होता है। ऐसे लोगों को अपनी मानशिकता में बदलाव लाना चाहिए और सरकारों को भी ऐसे लोगों के खिलाफ तुरंत व सख्त कार्यवाही करनी चाहिए, उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के अनुयाई किसी भी कीमत पर संविधान का अपमान सहन नहीं करेंगे, उन्होंने कहा कि संविधान का सम्मान ही देश को खुशाली की ओर ले जाता है तथा देश मजबूती के राह पर चलने लगता है, इस कैडर कैम्प में लक्ष्य रेखा आर्या, संघमित्रा गौतम, चेतना राव, विजय लक्ष्मी गौतम, नीलम चौधरी, देवकी बौद्ध, पुष्पा भारती, मीना सुमन, शालिनी आनंद, मंजुला भारती, पिंकी चौधरी, रश्मि गौतम, माधुरी रावत, मीरा देवी, आशा देवी, ए के आनंद, विजय राव, कुलदीप बौद्ध, शिव दयाल मास्टर, अखिलेश गौतम, धर्मराज गौतम, पवन गुप्ता, मोहित कुमार, आर बी अम्बेडकर, अनिल भारती, शैलेन्द्र आर्या, सचिन आंबेडकर ने हिस्सा लिया कैडर कैम्प का आयोजन लक्ष्य युथ कमांडर राहुल कुमार, संगीत गौतम, अमित कुमार, अभय कुमार, शैलेन्द्र कुमार, रिन्केश कुमार, आजाद गौतम, राकेश निराला, नन्द किशोर, मोहित कुमार,सचिन कुमार, आनंद कुमार व ए के तूफानी ने किया।

# मुख्यमंती ने कोरोना वायरस के नए स्वरूप पर सावधानी व सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व में सामने आए कोरोना वायरस के नए स्वरूप के दृष्टिगत पूरी सावधानी व सतर्कता



बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन देशों में वायरस का नया स्वरूप सामने आया है, ऐसे देशों से पिछले 15 दिन में प्रदेश में आए लोगों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा क्वारंटीन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक जनपद में स्थानीय प्रशासन यह सुनिश्चित करें कि विदेश से आए लोगों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना के नए स्वरूप को ध्यान में रखते हुए विगत 15 दिनों के दौरान प्रदेश में विदेश से आए लोगों की जांच की जाए। उन्होंने इस सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग को एक हेल्पलाइन नम्बर जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्राइवेट लैब्स द्वारा आर0टी0पी0सी0आर0 की जांच के सम्बन्ध में किसी भी दशा में 700 रुपये प्रति जांच से अधिक की फीस न ली जाए। यदि व्यक्ति का सैम्पिल घर से कलेक्ट किया जाता है, तो 900 रुपये का जांच शुल्क लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कोविड–19 की 95.68 प्रतिशत रिकवरी दर पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए इस दिशा में सभी प्रयास निरन्तर जारी रखे जाएं।मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरुस्त बनाए रखा जाए। कोविड अस्पतालों में औषधियों, मेडिकल उपकरण तथा ऑक्सीजन की बैकअप सहित सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कोविड–19 से बचाव के सम्बन्ध में लोगों को निरन्तर जागरूक किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ई–संजीवनी एप का व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसके माध्यम से ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श का लाभ प्राप्त कर सके। ज्ञातव्य है कि प्रदेश में ई–संजीवनी एप का उपयोग करने वालों की संख्या अब तक तीन लाख से अधिक हो गई है। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आर0के0 तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव एम0एस0एम0ई0 तथा सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एस0पी0 गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डॉ0 रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव पशुपालन भुवनेश कुमार, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने आगरा में सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद आगरा में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। बता दें उत्तर प्रदेश के आगरा में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कार कंटेनर से टक्करा गयी. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में आग लग गयी जिससे उसमें सवार पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई. जानकारी का मुताबिक हादसा विपरीत दिशा से आ रहे एक कंटेनर के कार में टकराने के बाद हुआ। आगरा के जिलाधिकारी प्रभु एन सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि खंदौली में आज तड़के आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर ट्रक से टकराने के बाद गाड़ी में आग लग गयी. इस हादसे में कार में सवार पांच लोग जिंदा जल गए. डीएम ने आगे कहा कि हम पीड़ितों के परिजनों के पास पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं. वहीं हादसे के बाद से ट्रक ड्राइवर गायब है. वहीं, आगरा के ‶च बबलू कुमार ने कहा कि इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक कि लखनऊ से एक कार में सवार होकर पांच लोग दिल्ली जा रहे थे. कार यमुना एक्सप्रेसवे पर आगरा के खंदौली इलाके में पहुंची थी तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक कंटेनर ने कार में टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में आग लग गई. मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

## मुलायम सिंह ने मोतीलाल वोरा के निधन पर शोक जताया

संवाददाता

लखनऊ। सपा संरक्षक व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। मोतीलाल वोरा के निधन पर शोक जताया और कहा मोतीलाल बोरा की राजनैतिक शुरुवात समाजवादी आंदोलन से हुई वह प्रज्ञा सोशलिस्ट पार्टी में रहे बाद में वह कांग्रेस में चले गये जहाँ वह अंतिम साँस तक रहे। मोती लाल बोरा के मेरे सदैव मधुर राजनैतिक संबंध रहे उनके परिजनों और शुभचिंतकों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।


# आर्मी मेडिकल कोर में सेवा के लिए आगे आएं युवा डाक्टर : रक्षामंत्री राजनाथ

लखनऊ। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में मंगलवार को 115वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान 114 वें स्थापना दिवस के मेधावियों के मेडल भी प्रदान किया गया। दीक्षा समारोह में टॉपर्स को मेडल दिए गए। वहीं, फाउंडेशन डे में विभिन्न प्रोफेशनल एक्जाम में सर्वोच्च अंक पाने वाले मेधावियों को मेडल मेडल मिले। इसमें सर्वाधिक मेडल पर बेटियों का कब्जा रहा। स्थापना दिवस मंगलवार 11 बजे शुरू हुआ। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह वर्चुअल मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि रूस में बनी स्पुतनिक वैक्सीन जल्द भारत आ रही है। स्वदेशी वैक्सीन की भी तैयारी चल रही है। वायरस का नया स्ट्रेन बड़ा खतरा है। वायरस से जंग वैक्सीनेशन होने तक जारी रहेगी। आर्मी मेडिकल कोर में सेवा के लिए आगे आएं युवा डॉक्टर। बता दें, केजीएमयू का दीक्षा समारोह 21 दिसंबर को मनाया गया। दीक्षा समारोह में सर्वोच्च मेडल पर कब्जा जमाने वाले 50 फीसद से ज्यादा बेटे हैं। वहीं, स्थापना दिवस में वर्ष 2019 व 2020 के मेधावियों को एक साथ मेडल प्रदान किए गए। इसमें बेटियों का जलवा रहेगा। इसमें 2019 के मेधावियों में 70 फीसदी बेटियां हैं, 30 फीसदी लड़के हैं। 2020 के मेधावियों में 60 फीसदी बेटियां हैं, 40 प्रतिशत बेटों ने बाजी मारी है। वर्ष 2019 में एनआरसी कानून के प्रदर्शन के चलते स्थापना दिवस टाल दिया गया था। शहर में धारा 144 लागू थी। मंगलवार को दोनों वर्ष के स्थापना दिवस समारोह में 128 मेधावियों को मेडल व अवॉर्ड प्रदान किए गए। इसमें वर्ष 2020 के 36 मेधावी व दो नर्सिंग कर्मी हैं। एमबीबीएस के 28 मेधावियों को35 मेडल दिये जाएंगे। वहीं बीडीएस के छह मेधावियों 10 मेडल से प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान 21 गोल्ड, 5 ब्रांज व 16 सिल्वर मेडल दिए गए। शेष बुक व कैश प्राइज होंगे। शेष निर्सिंग कर्मी व छात्रा को एक अवॉर्ड मिलेगा। 114वें स्थापना दिवस के 90 मेधावी को मेडल मिध्ले। इसमें एमबीबीएस में नीलांशा वाष्णेय को सबसे ज्यादा चार मेडल व एक बुक प्राइज मिले। उर्जश्वेता सिंह, शुभम, चौताली सिंह, इशा आतम, शुभम जैन, प्रिंसी पूनम, स्वाति रानी, शिवम अरोरा, साल्वी शर्मा, शोभित गर्ग, एश्वर्या, अंशिका अग्रवाल, श्वेता मणि, योगेंद्र मणि, शिखा, आकांक्षा, वैशाली, श्रद्धा, नितिन भारती, स्वाति, सिमरन, श्रुति, विजय राजे, शशांक गुप्ता, संविदा परिहार, अहमद कुजैर, अविरल, प्राज्या, अन्नया, अंकिता, आयुष, त्रिक्षा गौतम, प्रखर, माहीं फातिमा, प्राची पंवार, मानसी, लिपिका अग्रवाल, अनुभव, प्रदीप्ति, गरिमा, रोशनी, लक्ष्य, मानसी, प्रतिमा, आयुष को मेडल दिए गए। डॉ. सुची जैन व पीडियाट्रिक से डॉ. राजीव कुमार को मेडल मिला। दंत संकाय में आशुतोष को सबसे ज्यादा मेडल मिले।

# यूपी के लोगों को केजरीवाल माडल चाहिए : मनीष सिसोदिया

संवाददाता

लखनऊ। यूपी की जंग में आम आदमी पार्टी ने अपने सिपहसालारों को उतार दिया है। लखनऊ में पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिलचस्प तस्वीर सामने आई है। दिल्ली के डेप्युटी सीएम मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने योगी सरकार पर हल्ला बोला है। खुली बहस की चुनौती देते हुए दोनों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक कुर्सी खाली रखी। इस कुर्सी पर बाकायदा योगी सरकार के मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के नाम की पर्ची लगी हुई थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान खुली बहस का बोर्ड लगाया गया था। इस पर लिखा गया–दिल्ली का केजरीवाल मॉडल बनाम योगी का यूपी मॉडल। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आम आदमी पार्टी के दोनों नेता यूपी सरकार के मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह का इंतजार करते नजर आए। दिल्ली के डेप्युटी सीएम मनीष सिसोदिया ने इस दौरान योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, योगी जी और सिद्धार्थनाथ सिंह डिबेट से भाग रहे हैं। यूपी के लोगों को केजरीवाल मॉडल चाहिए। यूपी की




बड़ी आबादी अगले चुनाव में केजरीवाल सरकार लाएगी। केजरीवाल मॉडल को यूपी में मौका दीजिए, फिर प्रदेशवासी सारी पार्टियों को भूल जाएंगे। योगी सरकार डिबेट से इस लिए भाग रही है, क्योंकि कोई काम नहीं किया है। योगी सरकार की तानाशाही के खिलाफ प्रदेश में सिर्फ संजय सिंह बोल रहे हैं। सिसोदिया के पास दिल्ली के शिक्षा मंत्री की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने योगी सरकार को शिक्षा व्यवस्था पर घेरते हुए कहा, चार साल के मॉडल में दिल्ली के सरकारी स्कूलों के मुकाबले अगर यूपी के 10 स्कूल भी सामने रखे जा सकते हैं तो सिद्धार्थनाथ सिंह आकर बहस करें। केजरीवाल ने 3 से 4 साल में 16 लाख बच्चों के लिए बहुत कुछ करके दिखाया है। योगी जी ने बोला कि यूपी के स्कूलों में जितने बच्चे पढ़ते हैं उतनी दिल्ली की आबादी नहीं है। इसका मतलब आप ने बड़ी आबादी वाले उत्तर प्रदेश के लिए कोई काम नहीं किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिल्ली के स्कूलों पर छोटा सा वीडियो दिखाकर वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बिजली–पानी का जिक्र करते हुए सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली के लोग खुश है लेकिन यहां की हालत बद से बदतर है। बता दें कि आम आदमी पार्टी ने यूपी में 2022 के विधानसभा चुनाव में उतरने का ऐलान किया है। पार्टी की ओर से कहा गया है कि अगर चुनाव जीते तो संजय सिंह को सीएम बनाया जाएगा। राज्यसभा सांसद और पार्टी के यूपी प्रभारी संजय सिंह ने साफ किया था कि फिलहाल उनकी पार्टी का किसी से गठबंधन का इरादा नहीं है।

# भारत और श्रीलंका की सभ्यताएं जुड़वाँ हैं

## ग्लोबल इन्साइक्लोपीडिया ऑफ रामायण योजना के तहत श्रीलंका के विद्वानों के साथ हुई वेबिनार

लखनऊ। ग्लोबल इन्साइक्लोपीडिया ऑफ रामायण योजना में केन्द्रीय संस्कृति विभाग, अयोध्या शोध संस्थान की ओर से श्रीलंका अध्याय की शुरुआत की गई। इसमें भारत में श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त निलुका कदुरुगामुवा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका एक दूसरे के साथ, रामायण से लेकर बुद्ध युग तक ही नहीं बल्कि वर्तमान दौर तक में, घनिष्ठता बनाए हुए हैं। श्रीलंका में भारत के उच्चायोग में फर्स्ट सेक्रेटरी एल्डोस मैथ्यू पुन्नोसे ने कहा कि भारत और श्रीलंका की सभ्यताएं जुड़वाँ हैं। श्रीलंका टूरिज्म प्रमोशन ब्यूरो के असिस्टेंट डॉयरेक्टर जीवन फर्नांडो ने कहा कि श्रीलंका में रामायण संबंधित पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि 2022 में रामायण महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उस दिशा में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके लिए श्रीलंका में 50 से अधिक रामायण सम्बंधी क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। श्रीलंका पर्यटन के पूर्व महानिदेशक कालिसेल्वम सीनिवासगम ने 2006 सम्बंधी रामायण पथ में अपने गहन कार्य को साझा किया। उन्होंने रामायण के संबंध में कई प्राचीन स्थानीय किंवदंतियों के दस्तावेजीकरण करते हुए अपनी व्यक्तिगत यात्राओं की भी जानकारी दी। श्रीलंका के रामकृष्ण मिशन के स्वामी अक्षरात्मानंद ने कहा कि रामायण दोनों देशों के बीच स्थायी संबंध का मूलाधार है। रामायण के ग्लोबल इनसाइक्लोपीडिया के जनसंपर्क अधिकारी, बाला शंकरात्रि ने अयोध्या अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ.योगेंद्र प्रताप सिंह, बंगाल चौप्टर का नेतृत्व कर रहीं अनीता बोस, रामायण के ग्लोबल इनसाइक्लोपीडिया के भोपाल चौप्टर का नेतृत्व कर रहे डॉ. राजेश श्रीवास्तव और छत्तीसगढ़ चौप्टर का नेतृत्व कर रहे ललित शर्मा के योगदान की भी सराहना की।

# विक्षिप्त ने हमला कर दो लोगों को मार डाला

## बचाने आए लोगों पर भी किया वार

संवाददाता
जौनपुर। शाहगंज नगर के भादी खास मोहल्ला निवासी एक विक्षिप्त युवक मुमताज पुत्र सोनू ने मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे पत्नी और दो बच्चों पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसी दौरान घर के बाहर बीच–बचाव करने पहुंचे तीन अन्य लोगों पर भी हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक द्वारा दो लोगों की जान लेने की जानकारी होने के बाद लोग आक्रोशित हो गए और लोगों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगाते हुए मुआवजे की मांग भी की। वहीं जानकारी होने के बाद घटना स्थल का निरीक्षण करने पुलिस टीम पहुंची और वारदात को लेकर स्थानीय लोगों से पूछताछ भी की। घायलों को उपचार के लिए पुरुष चिकित्सालय लाया गया जहां पर विक्षिप्त युवक की पुत्री हुमेरा (7) और नोनहटटा मोहल्ला निवासी सुलेमा (65) पत्नी अच्छेलाल की उपचार के दौरान




मौत हो गई। वहीं हमला करने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए पुरुष चिकित्सालय भर्ती कराते हुए शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू करदिया। आरोपी को हिरासत में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। घटना से गुसाई भीड़ ने सड़क जाम कर दिया है, मौके पर पुलिस के अधिकारी पहुंचे और वारदात की पूरी जानकारी ली। नगर के भादी खास मोहल्ला निवासी मुमताज (30) पुत्र आजम मानसिक रूप से विक्षिप्त है सोमवार की शाम परिवार वाले उसे उपचार के लिए वाराणसी ले जा रहे थे कि इमरान गंज बाजार के समीप गाड़ी से उतर कर भाग निकला। मंगलवार की सुबह घर पहुंचा और अचानक उसने पत्नी व बच्चों पर बांकी से हमला करना शुरू कर दिया। जिससे बेटी हुमेरा (7) और पुत्र मोहम्मद (3) को काफी चोटे आईं। बीच बचाव करने पहुंची पत्नी फिरदौस (28) व भाई की पत्नी निलोफर (24) पत्नी अफरोज पर भी हमला कर दिया। हमले के बाद फिरदौस जान बचाकर बाहर भागी तो रास्ते से दूध बेचने जा रही वृद्धा सुलेमा (65) पत्नी अच्छेलाल निवासी नोनहट्टा व पड़ोसी मंजूर (36) पुत्र मुनीर ने बीच बचाव किया तो विक्षिप्त ने उन पर बांकी से हमला कर घायल कर दिया। सभी घायलों को उपचार के लिए पुरुष चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने पुत्री हुमेरा व सड़क के रास्ते दुध बेचने जा रही वृद्धा सुलेमा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक मुमताज को प्रयुक्त बांकी के साथ गिरफ्तार कर लिया। वृद्धा की मौत से आक्रोशित लोगों ने नगर के मुख्य मार्ग स्थित रामलीला भवन चौराहे पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार व कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और जाम समाप्त हुआ। पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

## आजमगढ़ में भीम आर्मी मुखिया चंद्रशेखर और कार्यकर्ताओं संग पुलिस की झड़प, बोले – सत्ता का नशा उतारूंगा

संवाददाता
आजमगढ़। भीम आर्मी के मुखिया चंद्रशेखर मंगलवार को रोडवेज के समीप एक होटल में मीडिया से रू–ब–रू हुए। कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो गई है। आजमगढ़ में एक माह में दुष्कर्म सहित दलितों व गरीब तबके साथ 40 घटनाएं हुईं और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मौन रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी सरकार एनकाउंटर के नाम अपने विरोधियों को पुलिस से मरवा रही है। आरोप लगाया कि तानाशाही से लोकतंत्र नहीं चलता है। मुख्यमंत्री अपने अधिकारियों व कर्मचारियों को ठीक करें। किसान आंदोलन पर कहा कि कोरोना का बहाना बनाकर सरकार ने सदन का सत्र बंद कर दिया है। किसानों की तीनों बिल वापस लेने की मांग जायज हैं। जबकि केंद्र सरकार के गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल में रैलियां कर रहे हैं। इसके पूर्व भीम आर्मी के मुखिया चंद्रशेखर मंगलवार को कार्यकर्ता के साथ कलेक्ट्रेट में जिले में हो रही आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने सहित अन्य कई मुद्दों को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार को ज्ञापन देने जा रहे थे। स्थानीय खुफिया इकाई के सूचना पर अलर्ट रही पुलिस ने जब कलेक्ट्रेट के पास लेगी बैरिकेडिंग पर रोका तो पुलिस कर्मियों और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं में झड़प हो गई। भीम आर्मी कार्यकर्तओं को आक्रोश में देख माहौल बिगड़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट के समीप डेरा डाल दिया। इस दौरान चंद्रशेखर अपने तेवर में दिखे, उन्होंने कहा सत्ता का नशा उतारूंगा। हालांकि, उसके बाद चंद्रशेखर कुछ लोगों के साथ डीएम से मिले और ज्ञापन सौंप कर वापस लौट गए। जबकि सुरक्षा कारणों से खुफिया इकाई भी अलर्ट हो गई है।

## गाजीपुर में विभा की डिग्री पर नौकरी कर रही शैलजा बर्खास्त, असली विभा शिक्षक भर्ती की मेरिट से बाहर

संवाददाता
गाजीपुर। कस्तूरबा विद्यालय में एक अनामिका शुक्ला प्रकरण क्या सामने आया, जांच के बाद एक के बाद एक अनामिकाएं सामने आ रहीं हैं। अब अनामिका शुक्ला जैसा एक और प्रकरण गाजीपुर में सामने आया है। विभा सिंह के शैक्षिक प्रमाण पत्र पर शैलजा परिषदीय विद्यालय में बतौर सहायक अध्यापक की नौकरी करती हुई पकड़ी गईं हैं। इसका खुलासा तब हुआ जब बलिया निवासी शैलजा के पड़ोसी ने इसकी शिकायत एसटीएफ व बीएसए गाजीपुर से की। जांच में मामला पुष्ट होने के बाद अब विभाग ने फर्जी विभा सिंह उर्फ शैलजा को बर्खास्त कर दिया है। साथ ही उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने व वेतन रिकवरी करने का भी आदेश जारी किया है। बीएसए श्रवण कुमार की जांच में सामने आया कि असली विभा सिंह ग्राम टाडा अकबरपुर ब्लाक सादात गाजीपुर की निवासी हैं,





जो फिलहाल वाराणसी में रहती है। उन्होंने शिक्षक भर्ती में आवेदन किया था लेकिन मेरिट में नहीं आ पाई। अब इधर, शैलजा निवासी ग्राम जिगनी पोस्ट रतसड़, थाना गड़वार, जिला बलिया ने विभा सिंह के हाईस्कूल से लेकर इंटरमीडिएट, स्नातक व टेट के सभी शैक्षिक अभिलेखों का फर्जी कापी बनवा लिया और खुद फर्जी विभा सिंह बन बैठी। यही नहीं, उसने अपना निवास व जाति प्रमाण पत्र से लेकर आधार कार्ड भी फर्जी विभा के नाम से बनवाया। चालाकी करते हुए जाति प्रमाण पत्र अनुसूचित जाति का बनवाया, जिसके चलते वह 2015 में हुई विज्ञान गणित शिक्षक भर्ती में चयनित हो गई। इसके बाद फर्जी विभा सिंह उर्फ शैलजा की तैनाती उच्च प्राथमिक विद्यालय ताजपुर बाराचवर में हुई, जहां वह मजे से नौकरी कर रही थी। जांच में शिकायत की पुष्टि होने के बाद असली विभा सिंह के पति रमाशंकर सिंह को बीएसए ने कार्यालय बुलाया। अपनी पत्नी के नाम से हुए इतने बड़े फर्जीवाड़े से वह हतप्रभ थे। उन्होंने पूरा प्रकरण बीएसए के सामने रख दिया। खुद रमाशंकर सिंह परिषदीय विद्यालय फौजदारपुर में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि वह शैलजा को नहीं जानते हैं। उनकी पत्नी विभा सिंह तो घर पर बेरोजगार बैठी है। उन्हें नहीं पता था कि उनकी पत्नी के अभिलेख पर कोई और नौकरी कर रहा है।

## सब जूनियर जूनियर सीनियर और मास्टर वर्ग में होंगे मुकाबले, खिलाड़ी दिखाएंगे दम

संवाददाता
कानपुर। संक्रमण के बाद शहर में खेल और खिलाडियों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नया साल आर्म रेसलिंग जैसी नवीन प्रतियोगिता लेकर आएगा। जनवरी के प्रथम सप्ताह में होने वाली इस प्रतियोगिता में शहर के साथ आसपास कई जिलों के खिलाड़ी दम दिखाएंगे। पूर्व राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी दुर्गेश पाठक की ओर से आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले ज्यादातर प्रतिभागी कुश्ती खेल से जुड़े होंगे। पूर्व खिलाड़ी ने बताया कि संक्रमण के नियमों का पालन करते हुए प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। प्रतियोगिता में सब जूनियर जूनियर सीनियर और मास्टर कैटेगरी में खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में जीत हार का निर्णय रेफरी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता शहर में पहली बार आयोजित की जा रही है इसलिए सिर्फ बालक और पुरुष वर्ग के मुकाबलों का आयोजन होगा। भार वर्ग के आधार पर खिलाडियों के ग्रुप बनाकर प्रतियोगिता मुकाबले कराए जाएंगे। सेंट्रल पार्क स्थित श्रीराम अखाड़े में होने वाली प्रतियोगिता में विजय खिलाडियों को आयोजन समिति द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन कुश्ती खेल से नाता रखने वाले खिलाडियों की ताकत और प्रदर्शन को परखने की मंशा से किया जाएगा। प्रतियोगिता में खिलाडियों के प्रदर्शन और आयोजन की सफलता बड़े स्तर पर खिलाडियों को मंच दिलाने में कारगर साबित होगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में मंडल स्तरीय व स्टेट प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने पर फोकस रहेगा।

## बिहार सरकार की युक्ति ओवरलोडिंग से दिलाएगी मुक्ति, 12 चक्का ट्रकों का मानक तय

संवाददाता
चंदौली। बिहार सरकार ने भारी वाहनों के आवागमन को लेकर मानक निर्धारित कर दिया है। 12 चक्का तक के ट्रकों का इस्तेमाल ही बालू व मिट्टी के परिवहन के लिए किया जा सकता है। ट्रकों की ऊंचाई तीन व डंपर की ऊंचाई 3.5 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। नए नियम से चंदौली प्रशासन को ओवरलोडिंग रोकने में आसानी होगी। परिवहन व खनन विभाग मानकों की अनदेखी कर जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले ट्रकों पर कार्रवाई करेगा। प्रदेश में बालू खनन पर रोक है, लेकिन बिहार की सोन नदी से बालू लादकर ट्रक और डंपर जिले की सीमा में प्रवेश करते हैं। इसमें अधिकांश वाहन क्षमता से अधिक भार लादकर चलते हैं। इससे सड़कें खराब हो रही हैं। वहीं पुलों पर भी खतरा मंडराने लगा है। बिहार सरकार ने ओवरलोड वाहन चालकों पर लगाम लगाने के लिए नियमों में बदलाव किया है। इसके तहत अब अधिकतम 12 चक्का तक वाले ट्रक ही मिट्टी व बालू लादकर आवागमन कर सकेंगे।



इसके अलावा सामान लादकर ट्रक की ऊंचाई तीन व डंपर की ऊंचाई साढ़े तीन फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। राज्यपाल की ओर से पारित आदेश का पालन कराने में बिहार सरकार जुट गई है। इससे चंदौली प्रशासन को भी ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई करने में आसानी हो जाएगी। 12 से अधिक चक्का और साढ़े तीन फीट से अधिक ऊंचाई वाले ट्रकों व डंपर को आसानी से चिह्नित कर कार्रवाई की जा सकेगी। इससे सीमावर्ती जिले में ओवरलोड वाहनों के संचालन पर रोक लगेगी।

## कानपुर विकास संकल्प समिति चलाएगी अनवरगंज–मंधना ट्रैक हटाने की मुहिम

संवाददाता
कानपुर। अनवरगंज–मंधना रेलवे ट्रैक हटाने के लिए चलाई जा रही मुहिम को और तेज करने के लिए 51 सदस्यीय कानपुर विकास संकल्प समिति का गठन किया गया। शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए रेलवे ट्रैक को हटाने की मुहिम में लोगों को भी जोड़ने की कवायद शुरू हुई है। कानपुर विकास संकल्प समिति गुरुद्वारा कमेटियों, स्कूल, कॉलेज से समर्थन के लिए पत्र भरवाएगी। क्रॉसिंग पर बैनर लगाकर हस्ताक्षर चलाया जाएगा। इसके साथ ही रेल मंत्री को 10 लाख पोस्टकार्ड भेजने का भी अभियान चलाया जाएगा। कानपुर विकास संकल्प समिति के संरक्षक मर्चेंट चेंबर के अध्यक्ष मुकुल टंडन, पूर्व अध्यक्ष डॉ. इंद्रमोहन रोहतगी, आइआइए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य होंगे। समिति के संयोजक अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा व सचिव गुमटी नंबर पांच व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजे गुप्ता होंगे। कोषाध्यक्ष 80 फीट रोड के अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, सह संयोजक जरीब चौकी व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय मिश्रा, अभा उद्योग व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष गुरजिंदर सिंह व आइआइए के अध्यक्ष जय हेमरजानी होंगे।

## पंचायती राज मंत्री ने यूपी में पंचायत चुनाव का असमंजस किया दूर

संवाददाता
कन्नौज। यूपी में दिसंबर माह में समाप्त हो रहे प्रधानों के कार्यकाल के बाद पंचायत चुनाव की तिथि को लेकर बने असमंजस को



पंचायती राज मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने दूर कर दिया है। उन्होंने पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर जारी प्राथमिक कार्य पूरे होने के बाद अधिसूचना जारी करने की बात कही है। वह मंगलवार को कन्नौज कलेक्ट्रेट में आयोजित तिपहिया वाहन वितरण कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कलेक्ट्रेट में दिव्यांगों को उपकरण बांटे गए, इस दौरान पत्रकारों ने पंचायती राज मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी से प्रधानों के कार्यकाल समाप्त होने पर सवाल किया। इस पर उन्होंने कहा कि अभी पंचायती राज विभाग चुनाव के प्राथमिक कार्य कर रहा है। ग्राम सभाओं का पुर्नगणन हुआ है, अब परसीमन व आरक्षण के बाद अधिसूचना जारी हो जाएगी और मार्च माह अंत तक पंचायत चुनाव संपन्न करा लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत का कार्यकाल समाप्त होने पर पूर्व की तरह संवैधानिक व्यवस्था लागू रहेगी। प्रधानों के लिए एडीओ पंचायत, जिला पंचायत के लिए डीएम व ब्लॉकों पर एसडीएम व्यवस्था देखेंगे। पंचायती राज मंत्री ने किसान बिल को किसानों के हित वाला बताया। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी को जनता ने चुना है और चुनी हुई सरकार के कार्य में राजीनीतिक लोग बाधा डाल रहे हैं। सरकार को काम करने से रोका जा रहा है। ऐसे लोग राजनीतिक में सफल नहीं हो पाए हैं, इसलिए कुंठित हैं और अराजक्ता करके किसानों को गुमराह कर आंदोलन करा रहे हैं। प्रधानमंत्री का 2022 में किसानों की आय दोगुनी करने का संकल्प है, उसमें जो बाधाएं आ रही हैं, सरकार ने उसे दूर करने के लिए कदम उठाया गया है। इस कार्य में राजनीती करके विरोध किया जा रहा है। इसके पीछे विपक्षी दल हैं, जो लोकतंत्रीय व्यवस्थ में जनता के निर्णण में सफल नहीं हो पाए हैं अब वह गुमराह करने का काम कर रहे हैं।

## विकास के साथी जय की एक और जांच रिपोर्ट आरपीएफ ने सौंपी, पूर्ति निरीक्षक को हटाया

संवाददाता
कानपुर। विकास दुबे के खजांची जय बाजपेयी के रेलवे की जमीनें कब्जा कर बेचने के मामले की जांच पूरी हो गई। आरपीएफ और इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने जांच रिपोर्ट उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज को भेजी है। वहीं विकास दुबे से संबंध रखने वाले बिल्हौर के पूर्ति निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा को जिलापूर्ति कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। उसकी विभागीय जांच चल रही है। विकास दुबे के खजांची बताए जाने वाले जय बाजपेयी और उसके भाइयों पर ब्रह्मनगर में रेलवे की जमीन पर कब्जा कर बेचने के आरोप लगे थे। रेलवे अधिकारियों ने इसकी जांच के आदेश दिए। अनवरगंज आरपीएफ इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार और इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी ने जांच शुरू की। जांच में एक बात साफ हो गई कि ब्रह्मनगर में बनी कच्ची बस्ती रेलवे की जमीन पर ही बसी है। साथ ही यहां 80 दुकानें भी



लोगों ने बना ली हैं। रेलवे रिकार्ड के मुताबिक यह जमीन लीज पर दी गई थी लेकिन जिन्हें लीज पर जमीन मिली थी वह काफी खोजने के बाद भी नहीं मिले। यहां कई ऐसे लोग रह रहे हैं जो आज भी किराया देते हैं। उन्होंने किराये की रसीद भी दिखाई। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल को भेजी है। आलाधिकारियों के निर्देश के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। बिकरू कांड की जांच के दौरान एसआइटी को उसकी विकास दुबे से बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली थी। एसआइटी की रिपोर्ट पर आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग मनीष चौहान ने विभागीय जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। संयुक्त खाद्य आयुक्त, गोरखपुर जांच कर रहे हैं। बिकरू कांड में जांच के दौरान खाद्यान्न वितरण में अनियमितता मिली थी। विकास दुबे के प्रभाव वाले शिवराजपुर ब्लाक के बिकरू, भीटी, कंजती आदि गांवों में राशन वितरण नहीं हो रहा था। जांच के दौरान जिलापूर्ति अधिकारी ने तीन दुकानें निरस्त भी की थी। जिलापूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक को तहसील बिल्हौर से हटाकर जिलापूर्ति कार्यालय कानपुर नगर से संबद्ध किया गया है। अनुज कुमार को बिल्हौर पूर्ति निरीक्षक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## 19 नवंबर को हुए थे मतदान अब 2 जनवरी को होगी ताजपोशी

संवाददाता
कानपुर। लॉयर्स एसोसिएशन में नई कार्यकारिणी की ताजपोशी की तारीख तय हो चुकी है। एक बार कार्यक्रम रद्द होने के बाद अब कार्यकारिणी नव वर्ष के दूसरे दिन शपथ ग्रहण करेगी। इसके लिए पूरी रूपरेखा तैयार हो चुकी है। लॉयर्स एसोसिएशन में 19 नवंबर को मतदान हुए थे। हंगामा और विवाद के चलते मामला यूपी बार काउंसिल पहुंच गया था, जिसके बाद खुद यूपी बार काउंसिल की जांच कमेटी ने एल्डर्स कमेटी को सभी निर्णय लेने के अधिकार दे दिए। तब एल्डर्स कमेटी ने तीन दिसंबर को मतगणना शुरू कराई। तीन से चार दिन में परिणाम भी आ गए, जिसके बाद निर्वाचित प्रतिनिधि इस उत्सुकता में थे कि सप्ताह भर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। करीब 15 दिन बाद 18 दिसंबर को समारोह के आयोजन की तारीख तय हुई, लेकिन हाईकोर्ट और यूपी बार काउंसिल के अधिकारियों का कार्यक्रम न मिलने के चलते यह तारीख भी टाल दी गई, जिसके बाद तय हुआ कि अब नए वर्ष में ही सभी शपथग्रहण करेंगे। इसे लेकर एक राय होने के बाद 2 जनवरी 2021 में शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन की तारीख तय हुई है। नवनिर्वाचित पदाधिकारी हाईकोर्ट के जिन अधिकारियों को आमंत्रित करना चाहते थे उनका कार्यक्रम मिल चुका है। लॉयर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दो जनवरी की तारीख सभी की सहमति के बाद तय की गई है।

## बैंक डकैती से पहले की लोन पाने की कोशिश

संवाददाता
आगरा। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पूर्व पदाधिकारी ठाकुरदास ने बैंक डकैती डालने से पहले लोन लेने की कोशिश की थी। वह किसी भी तरह अपना कर्ज चुकाना चाहता था। लोन की बात नहीं बनी तो डाके की योजना बना ली। उसका लालच पूरे परिवार को ले डूबा। बैंक डकैती में मिली रकम देख पूरा परिवार रुपये ठिकाने लगाने में लग गए। ठाकुरदास के साथ उसकी पत्नी, और साली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ससुर और भाई की तलाश की जा रही है। ठाकुरदास ने पुलिस को बताया कि वह भाजपा अनुसूचित मोर्चा का मंडल उपाध्यक्ष रहा है। वह लाटरी का संचालन करता था। उसके साथ करीब 60 लोग जुड़े थे। लाखों की लाटरी पड़ी थीं। कुछ लोगों ने रुपये नहीं दिए। इसके बाद वह बीस लाख रुपये के कर्ज में डूब गया। कर्जा चुकाने के प्रयास किए, लेकिन सफल नहीं हुआ। घर पर कर्जदार चक्कर लगाते थे। बैंक में अस्थाई कर्मचारी पुनीत से उसकी बचपन की दोस्ती थी। किसी की सलाह पर उसने लोन लेने को ठाकुर डेली नीड्स नाम से फर्म बना



ली। रजिस्ट्रेशन भी करा लिया। मगर, किसी कारण से उसे लोन नहीं मिल सका। वह पुनीत के पास गया। पुनीत भी उसे इंडियन ओवरसीज बैंक से लोन नहीं दिलवा सका। तब दोनों ने बैंक में डकैती की साजिश रची। ठाकुरदास ने अपनी भाई नरेंद्र, साढू सनी और पड़ोसी रंजीत से बात की। ठाकुरदास ने सोचा था कि लूट की रकम से कर्ज चुक जाएगा। जो बचेगा उससे बिजनेस कर लेगा। बैंक डकैती में पुलिस ने सरगना ठाकुरदास के साथ उसकी पत्नी रंजनी, छोटे भाई मनोहर की पत्नी और साली नीरज को गिरफ्तार किया है। ससुर की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। बैंक डकैती के बाद आई रकम को रंजनी और नीरज दोनों आटो से अपने मायके मलपुरा के नगला प्रताप ले गई थीं। वहां प्लास्टिक के कट्टे में रखकर खेत में ले जाकर करब में छिपा दिया था। इस काम में ठाकुरदास के ससुर तेज सिंह ने भी मदद की थी। पुलिस ने यह रकम बरामद कर ली।

## आगरा में यमुना एक्सप्रेस वे पर कंटेनर से टकराने के बाद कार में लगी आग, पांच लोग जिंदा जले

संवाददाता
आगरा। यमुना एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के दर्दनाक हादसा हो गया। आगरा से नोएडा की ओर जा रही कार किमी 160 पर आगे जा रहे कंटेनर के डीजल टैंक से टकरा गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। इसमें सवार लोगों को बाहर निकलने का भी मौका नहीं मिला। कार सवार पांच लोग जिंदा जल गए। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। तब तक कार सवारों के कंकाल बचे हैं। आगरा में यमुना एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के हादसे का शिकार हुई कार में सवार पाचों लोग



की जलने से मौके पर ही मौत हो गई। इनमें तीन लोग लखनऊ के हैं जबकि अमेठी व उन्नाव के एक–एक हैं। मुरली मनोहर अपनी पत्नी सीमा के इलाज के लिए दिल्ली एम्स जा रहे थे। हादसा तड़के साढ़े चार बजे हुआ। पुलिस के मुताबिक एक कंटेनर गलत दिशा से आ रहा था तभी उसकी सामने आ रही कार से भीषण भिड़ंत हो गयी। कार का ईंधन टैंक फट गया और उसमे आग लग गयी। लखनऊ नंबर की कार स्विफ्ट डिजायर UP 32 KW– 6788 में सवार होकर सभी लोग दिल्ली की ओर जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक किमी 160 पर खंदौली थाना क्षेत्र में कंटेनर चालक ने अचानक मोड़ दिया। कार तेज रफ्तार में थी। वह अनियंत्रित होकर कंटेनर के डीजल टैंक से जा टकराई। इसके बाद कार में भीषण आग लग गई। कार सवारों में चीख पुकार मच गई।
कार सेंट्रल लाक हो जाने के कारण लाक नहीं खुल सका। पास में ही यमुना एक्सप्रेस का बूथ है। इसमें एक कर्मचारी निगरानी को रहता है। उसने पुलिस को सूचना दे दी। तब तक कंटेनर छोड़कर चालक भाग चुका था। कार में थोड़ी देर में ही आग की लपटें उठने लगीं। इसमें फंसे हुए लोग बाहर नहीं निकल सके। फायर ब्रिगेड ने जब तक पहुंचकर कार की आग बुझाई इसमें सवार पांच लोग कंकाल बन गए। पुलिस का कहना है कि जिंदा जलने वालों में एक बच्चा, एक महिला और तीन पुरुष प्रतीत हो रहे हैं। कार के नंबर से शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# चीनी मिल की टरबाइन में तकनीकी खराबी आने से ठप हुई गन्ने की पेराई

संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले की इकलौती किसान सहकारी चीनी मिल की टरबाइन के अल्टरनेटर में तकनीकी खराबी आ जाने से सोमवार को सुबह करीब नौ बजे गन्ने की पेराई ठप हो गई। पेराई बंद होने से मिल यार्ड में गन्ना लदी ट्रैक्टर–ट्रालियों की लंबी कतारें लग गई हैं। गन्ने की पेराई ठप हो जाने से कड़ाके की ठंड में किसानों की परेशानी बढ़ गई है। तकनीकी खराबी आने से बार–बार चीनी मिल के बंद हो जाने से गन्ने की तौल कराने आने वाले किसान परेशान हैं। इसको लेकर किसानों में खासा रोष है। चीनी मिल प्रबंधन ने प्रयागराज व लखनऊ से इंजीनियरों को बुलाया है। जर्जर कल–पुर्जों के सहारे चल रही जिले की इकलौती किसान सहकारी चीनी मिल में गन्ना किसानों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। पहले पेराई शुरू होने में देरी होने से किसान परेशान थे। अब पेराई शुरू हो जाने के बाद मिल तकनीकी खराबी से आए दिन बंद हो जा रही है। मिल के लिए नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। पिछले 11 दिसंबर को मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, भाजपा विधायक सूर्यभान सिंह व विधायक देवमणि दुबे की मौजूदगी में विधिवत हवन–पूजन के साथ हुआ था। उस समय मिल में मरम्मत का कार्य पूरा नहीं होने के कारण औपचारिक शुभारंभ होने के बाद भी पेराई कार्य शुरू नहीं हो पाया था। चार दिन बाद पिछले 17 दिसंबर को शाम करीब छह बजे किसान सहकारी चीनी मिल में गन्ने की पेराई शुरू हुई थी। मरम्मत कार्य में बरती गई लापरवाही के चलते करीब 40 मिनट चलने के बाद ही चीनी मिल के पहिए थम गए थे। पावर टरबाइन के रोटर में आई तकनीकी खराबी से चीनी मिल बंद हो गई थी। करीब 52 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पिछले शनिवार की रात 10 बजे मिल को चालू किया गया था। करीब चार घंटे चलने के बाद ही चीनी मिल की पावर टरबाइन के अल्टरनेटर में फिर तकनीकी खराबी आ गई। इससे चीनी मिल में गन्ने की पेराई ठप हो गई थी। चीनी मिल के इंजीनियरों ने कड़ी मशक्कत करके पिछले रविवार को 10 बजे सुबह फिर गन्ने की पेराई शुरू कराई। 23 घंटे तक गन्ने की पेराई होने के बाद चीनी मिल की पावर टरबाइन के रोटर में फिर खराबी आ गई। इससे सोमवार सुबह करीब 9.0 बजे से चीनी मिल में गन्ने की पेराई ठप हो गई। पेराई बंद हो जाने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसान कड़ाके की ठंड में परेशान हैं। गन्ने की तौल कराने आए धूंधू गांव निवासी संतोष वर्मा ने बताया कि शनिवार की सुबह गन्ना लेकर आया था लेकिन चीनी मिल की दुर्दशा से अभी तक गन्ने की तौल नहीं हो सकी है। चीनी मिल परिसर में अलाव तक कोई व्यवस्था नहीं होने से भीषण शीतलहरी में ठंड का शिकार होना पड़ रहा है। पैगापुर गांव निवासी अमानुल्लाह ने बताया रविवार की सुबह से चीनी मिल आया हूं, लेकिन अभी तक गन्ने की तौल नहीं हो सकी है। यहां पर शौचालय के लिए भटकना पड़ रहा है। दामोदरा गांव निवासी विनय वर्मा ने बताया कि शनिवार की दोपहर को गन्ना तौल कराने के लिए चीनी मिल पहुंचा था, लेकिन अभी तक तौल नहीं हो पाई है। मिल यार्ड में प्रकाश की कोई व्यवस्था ठीक नहीं होने से चोरी का भय सताता रहता है।

# 4.5 डिग्री सेल्सियस रहा पारा, कड़ाके की ठंड ने किया बेहाल

संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले में हो रही भीषण ठंड से लोग बेहाल हो गए हैं। पछुआ हवा चलने से गलन कम नहीं हो रही है। सोमवार को सुबह के समय छाए घने कोहरे से लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा। दोपहर तक कोहरा रहने से लोगों को आवाजाही में खासी परेशानी उठानी पड़ी। भीषण ठंड से न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दोपहर बाद मौसम साफ हो जाने के बाद निकली धूप ने लोगों को ठंड से राहत पहुंचा दी। शाम ढलते ही फिर गलन भरी ठंड होने लगी। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में आसमान में आंशिक बादल रहने के साथ–साथ सुबह के समय कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है। सोमवार को सुबह के समय आसमान घने कोहरे की चादर से लिपटा रहा। घना कोहरे के कारण दृश्यता कम रही। कोहरे से लोगों को गलन भरी ठंड का सामना करना पड़ा। पछुआ हवाओं के कारण ठंड में कोई कमी नहीं आ रही है। सुबह के समय घने कोहरे में लोगों को आवाजाही में खासी परेशानी उठानी पड़ी।

कोहरे के दौरान लोगों को दो पहिया व चार पहिया वाहनों की हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन बेहाल हो गया है। ठंड से बचाव के लिए लोगों को गर्म कपड़ों व अलाव का सहारा लेना पड़ा। ठंड से निजात पाने के लिए लोग हीटर व ब्लोअर सहारा ले रहे हैं। कड़ाके की ठंड होने से पारा 4.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। दोपहर बाद कोहरा साफ हो जाने से धूप निकल आई। धूप निकल आ जाने से लोगों को ठंड से राहत मिल गई। शाम होते ही एक बार फिर गलन भरी ठंड शुरू हो गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में आसमान में आंशिक बादल रहने के साथ–साथ सुबह के समय कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है। कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के मौसम पर्यवेक्षक अमरनाथ मिश्र ने बताया कि सोमवार को अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 4.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस कम रहा है।

# डीएम ने लिया रैन बसेरे की व्यवस्था का जायजा

संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले में शीतलहरी के साथ शुरू हुई कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन ने कंबल वितरण शुरू करा दिया है। रविवार की रात में डीएम ने ठंड से बचाव के लिए किए गए इंतजाम का जायजा लिया तो एडीएम वित्त एवं राजस्व ने ठंड से सिकुड़ रहे लोगों को कंबल वितरित किया। जिले में शुरू हुई शीतलहरी के साथ तीन दिनों से पड़ रही भीषण ठंड को देखते हुए प्रशासन ने गरीबों को सर्दी से बचाने के इंतजाम शुरू कर दिए हैं। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता स्वयं प्रशासन की ओर से किए गए बचाव के इंतजाम का जायजा ले रहे हैं। शनिवार की देर शाम डीएम ने पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में बनाए गए रैन बसेरा का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं को देखा। शहर में विभिन्न जगहों पर अलाव का निरीक्षण किया। इसके बाद ट्रांसपोर्ट नगर के पास बनाए गए रैन बसेरे का निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरा में ठहराए गए तीन लोगों से व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। डीएम ने गरीबों व बेसहारा को ठंड से बचाव के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है। रविवार की रात को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्वध्दैवी आपदा अधिकारी उमाकांत त्रिपाठी ने शहर में बस स्टेशन समेत अन्य जगहों पर भ्रमण कर ठंड से सिकुड़ रहे असहायों को कंबल ओढ़ाया। बस स्टेशन पर उन्होंने एक रिक्शा चालक को कंबल ओढ़ाया। इसके साथ ही बस स्टेशन समेत अन्य जगहों पर अलाव का जायजा लिया। अलाव की संख्या कम मिलने पर नगर पालिका को व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर तहसीलदार जितेंद्र गौतम भी मौजूद रहे।

अपर जिलाधिकारी वित्त उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि फर्म की ओर से अभी तक छह हजार कंबलों की आपूर्ति की गई है। इसमें विभिन्न तहसीलों की ओर से करीब चार हजार कंबल असहायों व गरीबों में वितरित किया जा चुका है। शेष कंबलों को वितरित करने का निर्देश दिया गया है।

## प्रधान पति के हत्या आरोपियों पर पुलिस ने लगाया रासुका

संवाददाता

सुल्तानपुर। महराजगंज के प्रधान के पति के हत्या आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रासुका लगाया है। पुलिस ने जिला कारागार में निरुद्ध आरोपियों को रासुका की नोटिस तामील कराई है। पुलिस ने यह कार्रवाई डीएम के आदेश पर की है। कुड़वार थाना क्षेत्र के महराजगंज निवासी प्रधान के पति मोईनुद्दीन और उनके भाई नूरूद्दीन को पिछली 17 जून को गोली मार दी गई थी। गोली लगने से मोईनुद्दीन की मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक के पिता रमजान की तहरीर पर इकबाल उर्फ बालू निवासी मनियारपुर थाना कुड़वार सहित अन्य लोगों के विरुद्ध हत्या, जानलेवा हमला समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया था। 30 सितंबर को सभी आरोपियों के विरुद्ध गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई थी। 15 दिसंबर को पुलिस ने जिलाधिकारी के आदेश से जेल में निरुद्ध इकबाल उर्फ बालू पुत्र जाकिर उर्फ जक्कू मनियारपुर के विरुद्ध रासुका की कार्रवाई कर नोटिस तामील कराई। थानाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने बताया कि पीड़ित परिवार व आम जनमानस की सुरक्षा को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में रासुका की कार्रवाई की गई है।

## बच्चों और गर्भवती महिलाओं को नहीं दी जाएगी फाइलेरिया की दवा

संवाददाता

सुल्तानपुर। 196 गांवों के करीब पौने दो लाख लोगों को फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत दवा वितरण अभियान सोमवार से शुरू हो गया। डीईसी और एल्बेंडाजोल दवा लोगों को 20 दिनों में बांटी जानी है। दवा वितरण में 186 टीमों को लगाया गया है। भदैंया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा पीएचसी बेलसौना व शंभूगंज की देखरेख में 21 दिसंबर से आठ जनवरी तक 73 ग्राम पंचायतों में फाइलेरिया की दवा लोगों को घर–घर बांटी जानी है। इसके लिए 186 टीमें बनाकर 372 स्वास्थ्य कार्यकर्ता व एनजीओ कार्यकर्ताओं की टीम लगाई गई है। इस अभियान के लिए सीएचसी में तैनात बीसीपीएम दिनेश तिवारी को प्रभारी बनाया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राकेश सिब्बल ने बताया कि दो साल से कम आयु के बच्चों, गंभीर रोग से बीमारी से ग्रसित लोगों व गर्भवती महिलाओं को यह दवा नहीं दी जानी है। दो से पांच साल के बच्चों को डीईसी एक गोली और एल्बेंडाजोल एक गोली, पांच से 15 साल के लोगों को दो डीईसी व एक एल्बेंडाजोल तथा 15 से 60 साल के लोगों को तीन डीईसी व एक एल्बेंडाजोल टेबलेट खाना है। सीएचसी पर डीसी व एल्बेंडाजोल दवाएं आ चुकी हैं।

## बुजुर्ग के दो हत्यारों को आजीवन कारावास

संवाददाता

सुल्तानपुर। 12 वर्ष पूर्व बुजुर्ग की हत्या करने के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष राय ने दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 25–25 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। कोर्ट ने जुर्माना से 80 फीसदी धनराशि वादी मुकदमा को दिलाए जाने का आदेश दिया है। मामला कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मकदूमपुर कलां गांव से जुड़ा है। गांव निवासी श्यामलाल शर्मा (60) 26 नवंबर 2008 को शाम खेत से बुआई कराकर घर लौट रहे थे। रास्ते में गांव में स्थित मंदिर के पास रंजिश को लेकर गांव के ही यज्ञ नारायण शर्मा, राधेश्याम शर्मा, यज्ञ नारायण शर्मा के किशोर पुत्र और उनके मोतिगरपुर थाने के दुलैचा गांव के किशोर रिश्तेदार ने बंदूक व पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मृतक की भतीजी शशिकला शर्मा की तहरीर पर चारों अभियुक्तों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी क्रिमिनल तारकेश्वर सिंह ने घटना साबित करने के लिए सात गवाहों को कोर्ट में पेश किया। बचाव पक्ष ने भी सफाई साक्ष्य में दो गवाहों को अदालत में पेश किया। सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष राय ने अभियुक्तों यज्ञ नारायण शर्मा व राधेश्याम शर्मा को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 25–25 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाकर जेल भेजने का आदेश दिया। कोर्ट ने जुर्माना की धनराशि में से 80 फीसदी राशि वादी मुकदमा शशिकला शर्मा को देने का आदेश दिया है। मामले के दो किशोर आरोपियों का ट्रायल किशोर न्याय बोर्ड में चल रहा है।

## पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के दोपहिया वाहनों नहीं मिलेगा ईंधन

संवाददाता

चित्रकूट। जिलाधिकारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को निर्देश दिए। जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुरेश चंद्र यादव को निर्देश दिया किया कि परिवहन व पुलिस विभाग की ओर से दुर्घटनाओं को रोकने की कार्यवाही की जाए। सीडीओ अमित आसेरी ने मिशन रोड पर अतिक्रमण हटाने और सरैंया काली घाटी मंदिर के पास सांकेतिक बोर्ड की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। सड़क दुर्घटना में पीड़ित का सहयोग करें। किसी को पुलिस से कोई समस्या नहीं होगी। पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के दोपहिया वाहनों व बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहनों को ईंधन न दें। पेट्रोल पंप सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय करें। जो वाहन चालक बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के ईंधन भराने आए तो उसका विवरण सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को उपलब्ध कराएं। कोहरे को देखते हुए अभियान चलाकर सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाऐ जाएं। परिवहन विभाग के राजकीय भवन, चालकों के प्रशिक्षण व परीक्षण हेतु ऑटोमेटिक ड्राइविग टेस्ट ट्रेक व वाहनों के तकनीकी परीक्षण के लिए जमीन चिह्नित कर दिया गया है। सभी विद्यालयों के स्कूली वाहन चालकों का ड्राइविग लाइसेंस व चरित्र का सत्यापन भी अनिवार्य रूप से कराएं। नगर पालिका क्षेत्र में डिवाइडर, मुख्य चौराहों पर सुधारात्मक कार्रवाई, सीसीटीवी कैमरे, दाएं–बाएं मोड, वन वे जोन, नो पार्किंग जोन व साइलेंस जोन, सूचनात्मक साइन बोर्ड की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

## चित्रकूट में शीतलहर से बचने के लिए जले अलाव , बांटे गए कंबल

संवाददाता

चित्रकूट। जिले में शीतलहर का जबरदस्त असर है बाजार में सुबह शाम सन्नाटा पसर जाता है सिर्फ



दोपहर में ही लोग नजर आ रहे है जब तेज धूप खिली रहती है। सोमवार को भी दिन भर सर्द हवाएं चलती रही। अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम आठ डिग्री रिकार्ड किया गया। जिला प्रशासन ने शीतलहर को देखते हुए सभी चौराहे और भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की है। रात में तमाम निराश्रित आग के सहारे ही रात काट रहे हैं। वैसे जिला प्रशासन ने अस्थाई रैन बसेरा की भी व्यवस्था की है। साथ ही सभी तहसील में निराश्रितों को चिह्नितकर कंबल भी बांटे जा रहे हैं। सांसद आरके सिंह पटेल ने पिता स्व. भगवानदीन सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर विशाल भंडारा किया और गरीब निराश्रितों को कंबल बांटे। सांसद के गांव कर्वी ब्लाक के रगौली में हुए विशाल भंडारे में भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र की जनता ने पहुंचकर पिता की पुण्य आत्मा की शांति की कामना किया। लोक निर्माण राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, प्रदेश मंत्री अशोक जाटव, जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, महामंत्री राजेश जायसवाल, अर्जुन शुक्ला, शक्ति प्रताप सिंह, पुरुषोत्तम पांडेय समेत तमाम लोग शामिल हुए। तहसीलदार राजीव निगम ने पैलानी कस्बा, खप्टिहाकला आदि गांव में जल रहे अलाव का आकस्मिक निरीक्षण किया। लोगों ने साड़ी तिराहा, पाथादाई मंदिर, ऊबर रामलीला मैदान में भी अलाव जलवाने की मांग की। जिले के भजनाश्रम संस्थान ने बढ़ती सर्दी को देखते हुए साधु संत और असहाय व गरीब लोगों को गर्म कपड़ों के साथ कंबल बांट रही है। सोमवार को भजनाश्रम के मैनेजर रामअवतार यादव ने बताया कि कोई भी सर्दी का शिकार न हो इसको देखते हुए हर दिन सैकड़ों कंबल के साथ गर्म कपड़े बांटे जा रहे हैं।

## ईको टूरिज्म व मडफा में रोप–वे के लिए शासन को लिखे पत्र

संवाददाता

चित्रकूट। मुख्यमंत्री के पूर्व दौरों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन बैठक में गैर हाजिर लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड व निर्माण खंड के दो अधिशाषी अभियंता से जिलाधिकारी ने जवाब तलब किया है। साथ ही अधूरे पड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट में सोमवार को हुई बैठक में डीएम शेषमणि पांडेय ने सीडीओ अमित आसेरी से कहा कि चित्रकूट में गड्ढा मुक्त की गई सड़कों की तकनीक टीम से हुई जांच को फोटोग्राफ्स के साथ उपलब्ध कराया जाए। शेष सड़कों को अविलंब गड्ढा मुक्त कराए। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधूरे काम के लिए परियोजना प्रबंधक एनएचआइ का जवाब–तलब किया। अधीक्षण अभियंता विद्युत पीके मित्तल को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग में अंडरग्राउंड विद्युत केबल का कार्य तत्काल पूर्ण कराएं। गुणवत्ता की भी जांच करा ली जाए। अन्य कार्यों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कराकर सूचना अर्थ एवं संख्या अधिकारी को उपलब्ध करा दिया जाए। पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह को निर्देश दिए कि ईको टूरिज्म के लिए शासन को पत्र भेजा जाए। पर्यटन विकास के कार्य में तेजी लाई जाए। पार्किंग स्थल के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नरेंद्र मोहन मिश्र व एसडीएम रामप्रकाश के साथ भ्रमण कर खोही परिक्रमा मार्ग, राम घाट आदि पर भूमि को चिह्नित करें। मडफा मंदिर में रोप–वे, बाउंड्री वाल आदि का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें। लक्ष्मण पहाड़ी में हुए कार्य का विवरण दें। डीएम ने ईओ से सफाई व ड्रेनेज की रिपोर्ट मांगी है। साथ जल निगम से नाला टेपिंग का शासन को भेजे गए प्रस्ताव की प्रगति जानकारी ली। चौराहों के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव बनाकर लोक निर्माण विभाग उपलब्ध कराएं। उनमें हाई मास्क व स्ट्रीट लाइट लगाएं। इसके अलावा एसडीएम राम प्रकाश से कहा कि परिक्रमा पथ के अतिक्रमण को वन विभाग के साथ मिल कर तत्काल हटाएं।

## लोकार्पण तो निपटे, पत्थर और शौचालय अटके

संवाददाता

उरई/जलौन। जिले के अधिकारियों को कोई सगा नहीं है। विकास कार्यों में कागजी घोड़े दौड़ाकर वह जनता को तो धोखा देते ही रहते हैं। शौचालय निर्माण में मुख्यमंत्री तक को ठग लिया। सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण पूरा बताकर 19 अक्तूबर को मुख्यमंत्री से लखनऊ से ऑनलाइन लोकार्पण करा दिया गया जबकि लोकार्पित हो चुके शौचालयों का अभी तक निर्माण कार्य ही चल रहा है। शासन ने गांवों में सामुदायिक शौचालय के निर्माण कराने के आदेश दिए थे। कदौरा की 71 ग्राम पंचायतों में भी सामुदायिक शौचालयों का निर्माण शुरू कराया गया। सभी शौचालय अक्टूबर के दूसरे सप्ताह तक पूर्ण होने थे लेकिन ब्लॉक में ज्यादातर शौचालय नहीं बन पाए। इसके बावजूद शासन को शौचालय पूर्ण होने की रिपोर्ट भेज दी गई। इस पर 19 अक्टूबर को मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक शौचालयों का ऑनलाइन लोकार्पण कर दिया। हकीकत ये है कि ज्यादातर शौचालय अभी भी अधूरे हैं। किसी में सीटें नहीं लगी हैं तो किसी में छत नहीं पड़ी है। लोकार्पण होने के पत्थर भी अभी ब्लॉक मुख्यालय परिसर में रखे हैं। बीडीओ अतिरंजन सिंह खुद मानते हैं कि सामुदायिक शौचालय अभी अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि 52 शौचालय पूर्ण हो चुके हैं, 18 में कार्य चल रहा है। 25 दिसंबर तक कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। ब्लॉक की 16 ग्राम पंचायतों में 6 सीटर, 55 में 4 सीटर शौचालय बनाए जा रहे हैं। 6 सीटर शौचालय का बजट 7 लाख 49 हजार और 4 सीटर का 5 लाख 73 हजार रुपये है। शौचालयों में पुरुष, महिलाओं व बच्चों की टॉयलेट बनाने का प्रावधान है।

## कब्जा हटवाने को लेकर किया धरना प्रदर्शना दिया ज्ञापन

संवाददाता

उरई/जलौन। जालौन तहसील क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर मुस्तकिल के लोगों ने जमीन पर कब्जे के विरोध में तहसील में प्रदर्शन कर एसडीएम गुलाब सिंह को ज्ञापन दिया। इसमें कब्जा हटवाने की मांग की गई है। माता प्रसाद, फूलसिंह, रामकरन, कृष्ण गोपाल व प्रह्लाद ने एसडीएम को बताया कि स्टेट हाईवे के किनारे की जमीन पर कुछ लोग कब्जा किए हैं। जमीन पर निर्माण भी कर लिया है। शिकायत के बाद भी कब्जे नहीं हटा रहे हैं। रामकरन, किरन, मझली, गीता, कान्ति, तारावती ने बताया कि अगस्त से 4 बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है। एसडीएम ने जांच कराने का आश्वासन दिया है।

## तमंचा कुल्हाड़ी संग दो हत्यारोपी पकड़े

संवाददाता

उरई/जलौन। खेरा जमलापुर के शीवेंद्र की हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शनिवार को इलाज के दौरान शीवेंद्र की मौत के बाद जानलेवा हमले के मुकदमे को हत्या में तरमीम कर दिया गया था। आरोपियों के पास से पुलिस ने तमंचा कारतूस और कुल्हाड़ी बरामद की हैं। सीओ जालौन विजय आनंद ने अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि खेरा जमलापुर में गुरुवार को जमीन की रंजिश में दो पक्षों में लाठी डंडे, कुल्हाड़ी चलने के साथ फायरिंग हुई थी। इसमें एक पक्ष से शीवेंद्र, राघवेंद्र और दूसरे पक्ष से भी दो लोग घायल हुए थे। मुकदमा कुठौंद कोतवाली में दर्ज कराया गया था। घायलों का झांसी में इलाज चल रहा था। शिवेंद्र की शनिवार को मौत हो गई थी। कुठौंद पुलिस ने मुकदमा हत्या में तरमीम कर दिया। सीओ ने बताया कि थानाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी ने आरोपी नृपेंद्र नारायण उर्फ पिंटू और शिवगणेश उर्फ सोनू को शेखपुर अहीर में अंग्रेजी शराब के ठेका के पास से गिरफ्तार कर लिया। सीओ ने बताया कि दो आरोपी कृष्ण कुमार और आशुतोष फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है। सीओ ने कहा कि गांव में शांति है, लेकिन एहतियातन पुलिस व पीएसी तैनात है।

## मेला रामनगरिया में इस बार एक की रंग में रंगेगा तम्बुओं का शहर

संवाददाता

फर्रुखाबाद। आगामी मेला रामनगरिया के लिए आयोजित हुई तैयारी बैठक में जिलाधिकारी नें व्यवस्था चाक–चौबंद रखने के निर्देश दिये। इसके साथ ही मेले में लगने वाले सभी तंबू एक की रंग के होनें की सलाह भी दी गयी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें कहा कि मेला जनपद की पहचान है। इस मेंले से जनसामान्य का आर्थिक लाभ भी जुड़ा है। वह वर्ष भर मेला लगने का इंतजार करते हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए मेला कराये जाने के आदेश दिये। उन्होंने कहा कि मेले में सोशल डिस्टेंसिंग और कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने के साथ ही सभी कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कोविड के कारण सरकारी योजनाओं का प्रचार ठीक से नही हो सका तो मेले में काउंटर लगाकर प्रचार कराया जायेगा।

## मंडल में बनेंगे सात और गोवंश वन्य विहार स्थल

संवाददाता

बांदा। चित्रकूटधाम मंडल में सात वृहद गो संरक्षण केंद्रध्गोवंश वन्य विहार और बनेंगे। इसके पहले आठ गोवंश विहार खोले गए थे। प्रत्येक संरक्षण केंद्र की लागत 1.20 करोड़ है। शासन ने 8.40 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। नए सात गोवंश संरक्षण केंद्र शुरू होने के बाद मंडल में अस्थायी और स्थायी गोवंश आश्रय स्थलों की संख्या बढ़कर 1016 हो जाएगी। वर्ष 2018–19 में मंडल के चारों जिलों में नगर निकाय व ग्राम पंचायत स्तर पर 957 अस्थायी गोवंश स्थल, 60 गो संरक्षण केंद्र व 13 कान्हा पशु और 23 अन्य स्थायी पशु आश्रय स्थल खोले गए थे। पशु पालन विभाग का दावा है कि मौजूदा समय में आश्रय स्थलों में लगभग 1.10 लाख अन्ना मवेशी संरक्षित किए गए हैं। अब शासन ने मंडल में 8 और गोवंश संरक्षण केंद्रध्गोवंश वन्य विहार की मंजूरी दी है। इनमें बांदा में तीन, महोबा और चित्रकूट में 2–2 आश्रय केंद्र शामिल हैं। इसके लिए 8.40 करोड़ राशि स्वीकृत कर दी गई है। प्रत्येक वन्य विहार की क्षमता 500 पशुओं की होगी। एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में बनने वाले वन्य विहार में 3500 वर्ग फुट के चार टिनशेड समेत चरही, कटिया मशीन, ट्यूबवेल, 5000 लीटर क्षमता के दो पानी की टंकी आदि व्यवस्था रहेगी।

## किसानों ने लगाई डीएम से गुहार, बीडीओ को जांच

संवाददाता

उरई/जलौन। मुहम्मदाबाद के 12 से अधिक किसानों ने जिलाधिकारी डॉ मन्नान अख्तर को ज्ञापन दिया। इसमें पुलिया बनवाने और पानी निकासी की व्यवस्था करने की मांग की गई है। डीएम ने बीडीओ डकोर को समस्या का निस्तारण कर आख्या देने के निर्देश दिए हैं। किसान पंकज कुमार, विपिन द्विवेदी, दीपक तिवारी, सुशील तिवारी, हरमान सिंह राजपूत, मुकेश दुबे, जसीराम अहिरवार, बाबू, रामअवतार शर्मा आदि ने डीएम को बताया कि पिछले वर्ष भी खेतों में पानी भरने से फसलें खराब हो गईं थीं।

## ससुर की पिटाई पर लगाई थी युवती ने फांसी

संवाददाता

बांदा। बदौसा थाना क्षेत्र के मुंशी का पुरवा (भदावल) में सुमन (21) पत्नी रामनरेश यादव द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की घटना में दूसरे दिन भी मायके वालों ने पुलिस को तहरीर नहीं दी। तहसीलदार अतर्रा की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतका की सास सुरनिया ने पुलिस को बताया कि रविवार को सुमन अपने पति से बात कर रही थी। इस पर ससुर शिवकुमार ने उससे मोबाइल छीन लिया और मारपीट दिया। जिससे उसने फांसी लगा ली। मृतका चार माह की गर्भवती है। पति रामनरेश यादव गुजरात के सोमनाथ में मजदूरी करता है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह गौर ने बताया कि अभी मायके पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। एक साल पूर्व शादी हुई थी।

# शिव तांडव स्तोत्र के पाठ से लाभ और करने का सही समय

**भगवान शिव लेकर यह बात प्रचलित है कि उन्हें मनाना बेहद आसान है। आप जिस भी प्रकार, जिस भी व्यवस्था में भगवान शिव को सच्चे मन से याद करते हैं तो आप की भक्ति से वह बेहद जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं**

यह तो हम सभी जानते हैं कि राक्षसों का राजा रावण तमाम दुर्गुणों और बुराइयों का भी राजा था। वह अत्यंत आसुरी प्रवृत्ति का था और बेहद घमंडी भी था। रावण का मानना था कि उसके समान शक्तिशाली तीनों लोकों में कोई नहीं है और यही वजह थी कि रावण के दुराचार और अत्याचार दिन–रात बढ़ते चले गए। ये तो हो गए रावण के दुर्गुण, लेकिन शायद कम ही लोग यह बात जानते होंगे कि दुराचारी होने के साथ ही रावण प्रकांड पंडित, संस्कृत का महान ज्ञाता और चारों वेदों को जानने वाला था। आयुर्वेद में उसे महारत हासिल थी, तथा संगीत में भी वह उतना ही निपुण था। वह एक सुंदर वास्तुकार, शिल्पकार होने के साथ ही बेहद सक्षम राजनीतिज्ञ भी माना जाता था। इन सभी के अलावा रावण को भगवान शिव के परम भक्त के रूप में भी जाना जाता है। लंकापति रावण ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए एक स्तोत्र की रचना कर डाली, जिसे शशिव तांडव स्तोत्रश के नाम से जाना जाता है।

इस शिव तांडव स्तोत्र की रचना के पीछे बेहद दिलचस्प कथा है जिसे आज हम बताएंगे...

कैसे रचा शिव तांडव स्तोत्र?

बात तब की है, जब राक्षसों का राजा दशानन अपने सौतेले भाई भगवान कुबेर की नगरी लंका को हासिल करने के बाद उनके पुष्पक विमान को भी छीन चुका था और अपनी शक्ति के नशे में चूर होकर वह पुष्पक विमान पर अक्सर विहार के लिए निकलता था।

पुष्पक विमान की खासियत यह थी कि वह श्मन की गतिश से चलता था और उस पर सवार व्यक्ति की मनःस्थिति को पुष्पक विमान अच्छे से समझता था। एक बार रावण पुष्पक विमान पर सवार होकर कैलाश पर्वत की तरफ जा रहा था लेकिन कैलाश पर्वत के समीप पहुंचते ही पुष्पक विमान की गति बेहद कम हो गई जिसे देखकर रावण को बेहद आश्चर्य हुआ। रावण सोच में पड़ गया कि यह अद्भुत विमान इस पर्वत के उस पार क्यों नहीं जा रहा है।

अपनी चिंता को दूर करने के लिए वह इधर–उधर देखने लगा, तभी उसे भगवान शिव के वाहन नंदी दिखाई दिए। रावण ने नंदी




से इसका कारण पूछा तो नंदी ने बताया कि यह कैलाश पर्वत है, और यहां माता पार्वती भगवान शिव के साथ रहती हैं, जिसके कारण कोई भी अज्ञात वस्तु इस पर्वत के उस पार नहीं जा सकती। रावण को यह बात सुनकर बहुत क्रोध आया और अपनी ताकत के नशे में चूर रावण ने कैलाश पर्वत को ही उठा कर लंका ले जाने की सोची।

रावण अपने 20 हाथों का प्रयोग कर कैलाश पर्वत को उठाने लग गया!

रावण की शक्ति के कारण कैलाश पर्वत हिलने लग गया और भगवान शिव, जो कि ध्यान में बैठे थे उनका ध्यान टूट गया। भगवान शिव ने अपने आसन पर बैठे –बैठे अपने पैर के अंगूठे से कैलाश पर्वत को दबा दिया जिसके कारण कैलाश पर्वत नीचे आने लगा और रावण के हाथ कैलाश पर्वत के नीचे दब गए। कैलाश पर्वत के भार से मुक्त होने के लिए रावण ने अपनी सारी शक्ति लगा दी लेकिन वह सफल ना हो सका।

इस कृत्य के बाद रावण जोर जोर से चिल्लाने लगा और भगवान शिव से क्षमा मांगने लगा। लेकिन भगवान शिव ने उसकी एक बात नहीं सुनी और ऐसा करते हुए काफी समय बीत गया। तब रावण के शुभचिंतकों ने उसे यह परामर्श दिया कि भगवान शंकर को प्रसन्न किए बगैर इस कष्ट से मुक्ति नहीं पाएगा और पर्वत के नीचे उसके हाथ जो बंधन में बंधे हुए हैं, वह कभी मुक्त नहीं हो पाएंगे। तब रावण ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए संस्कृत के कुछ स्त्रोत बोलने शुरू किये। ऐसा करते हुए रावण को 1000 से भी ज्यादा साल बीत गए, तब जाकर भगवान शिव प्रसन्न हुए और रावण को उसके दंड से मुक्त किया, तथा पर्वत के नीचे दबी उसकी भुजाएं भी मुक्त हो गयीं। रावण द्वारा बोले गए संस्कृत के स्त्रोत शिव तांडव स्त्रोत के रूप में मशहूर हो गए।

अगर वेदों की बात करें तो रावण ने जिन स्त्रोतों को गाया था वह सामवेद में अंकित स्त्रोत थे, और रावण के बारे में सभी जानते हैं कि वह संस्कृत का प्रकांड विद्वान था। ऐसे में जिस रावण रचित शिव तांडव स्त्रोत को हम जानते हैं वह पहले से ही सामवेद में रचा जा चुका था।

शिव तांडव स्त्रोत के पाठ से लाभ

भगवान शिव लेकर यह बात प्रचलित है कि उन्हें मनाना बेहद आसान है। आप जिस भी प्रकार, जिस भी व्यवस्था में भगवान शिव को सच्चे मन से याद करते हैं तो आप की भक्ति से वह बेहद जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं। ऐसे में अगर आप किसी कष्ट या किसी अप्रिय स्थिति में पड़े हैं, तो आप शिव तांडव स्त्रोत का पाठ कर सकते हैं।

इस स्त्रोत में इतनी शक्ति है कि आपके सभी कष्ट भगवान शिव हर लेते हैं। कहा जाता है कि शशिव तांडव स्त्रोतश का पाठ करने वाला कभी भी निर्धन नहीं रहता है तथा उसकी आर्थिक समस्याएं बेहद जल्दी संभल जाती हैं। इसके अलावा जो लोग साधना करते हैं, चाहे वह नृत्य, चित्रकला, योग, समाज, लेखन आदि से ही जुड़े क्यों न हों, वो अगर शिव तांडव स्त्रोत का पाठ करते हैं तो उन्हें साधना में सिद्धि प्राप्त होती है। सनातन धर्म में यह भी कहा जाता है कि अगर आप शशिव तांडव स्त्रोतश का पाठ करते हैं तो किसी भी मनोकामना को पूर्ण होने में देर नहीं लगती है। इसके साथ ही माँ लक्ष्मी हमेशा आपके साथ बनी रहती हैं। अगर आप पितृदोष और कालसर्प दोष से पीड़ित हैं, तो ऐसे में आपको नियमित तौर पर शिव तांडव स्त्रोत का पाठ करना चाहिए, क्योंकि यह एकमात्र ऐसा पाठ है जिसके द्वारा आप अपने कष्टों को दूर कर सकते हैं।

कब और कैसे करें शिव तांडव स्त्रोत का पाठ

संपूर्ण रूप से संस्कृत में रचित शिव तांडव स्त्रोत को पढ़ना इतना आसान नहीं है। इसके शब्द और बोल बेहद कठिन हैं, लेकिन यह भी सच्चाई है कि आप भक्ति और सच्चे मन से इस स्त्रोत को पढ़ना चाहें तो पढ़ सकते हैं। इस स्त्रोत को लेकर कहा जाता है कि अगर आप इसे गायन के साथ पढ़ते हैं तभी इसका मनोवांछित फल आपको मिलता है। आप इसे गाकर ही पढ़ें, क्योंकि इसके उतार–चढ़ाव में अद्भुत बैलेंस है, जिसे गाकर पढ़ने में ही आनंद आता है।

रावण ने भी जब शिव तांडव स्त्रोत गाया था, तो कहा जाता है कि उसने अपने एक सर को काटकर वीणा बनाया था और उस वीणा को बजाते हुए जोर–जोर से शिव तांडव स्त्रोत को गाया था।

कब करें शिव तांडव स्त्रोत का पाठ?

शिव तांडव स्त्रोत की शुरुआत करने के लिए आपको प्रदोष काल यानी कि प्रातः काल ही उठना होगा और नित्य कर्मों से निवृत्त होकर भगवान शिव के शिवलिंग को अच्छे से दूध । और जल से स्नान कराना होगा। इसके पश्चात तमाम पूजन–सामग्रियों से भगवान शंकर की पूजा करनी होगी। इसके बाद आपको शिव तांडव स्त्रोत की शुरुआत करनी होगी। शिव तांडव स्रोत की समाप्ति के उपरांत सच्चे मन से भगवान से आशीर्वाद मांगें और अपनी मनोकामना उनके सामने प्रकट करें तो आपकी सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं।

# अजगर अभी भी करे न चाकरी..(व्यंग्य)

व्यवहारिक अनुभवों ने यही सिखाया है कि धर्म, आर्थिक, सामाजिक या आर्थिक निरपेक्षता की बातें जोर शोर से करनी चाहिए लेकिन उनकी शक्ल जलेबी जैसी होनी चाहिए। जब पता है कि राज और नीति की सड़क पर चलना होगा तो सहजता और आराम से चलने में क्या हर्ज है।

इतनी मेहनत, लगन, और लंबी कोचिंग इस दिन के लिए तो नहीं की, कि जो देखो आ जाता है और कह जाता है यह नहीं हो रहा वह नहीं हो रहा। समाज दिक्कत में हो तो योजनाएं उच्च समझदारी से बनानी पड़ती हैं। विस्तृत विवरण सहित निर्देश जारी करने पड़ते हैं चाहे समझ न आएं। निष्पादन करते हुए नियम और कायदों का ध्यान भी रखना ही पड़ता है। देश की जनता का पैसा है दान में तो नहीं दे सकते। बहुत सोच समझकर ठिकाने लगाना पड़ता है। सबसे कठिन परीक्षा पास कर कुर्सी बनते हैं। अब जो धैर्य के साथ चीजों को न समझे उनका क्या करें, कुछ नहीं कर सकते। श्रेष्ठ तो श्रेष्ठ ही होता और रहता है न। श्रेष्ठ ने अपने आप को श्रेष्ठ समझ लिया या कहीं कह दिया तो क्या हो गया। दंभ, अहंकार, इच्छा, अनिच्छा भी तो मानवीय गुण हैं। एक तरफ तो अनुशासन लागू करने की बातें कहते रहते हो, दूसरी तरफ हर जगह हर नियम में छूट या महाछूट चाहते हो। क्या यह अच्छी बात है। अनुशासन का असली अर्थ तो कुत्ते की दुम की तरह टेढ़ा होना है। अब मुश्किल परीक्षा की आग में से तो सोना कुंदन होकर ही निकलेगा फिर चांदी की तरह क्यूं रहेगा और कहेगा। कई विषय तो नॉन प्रैक्टिकल ही होते हैं। वास्तव में उच्च आचार विचार, ईमानदारी, सत्य निष्ठा तो बातों में ही अच्छी लगती है।



विवेक और अंतरात्मा को छोटे मोटे किस्सों में नहीं उलझाना चाहिए। दिमाग खर्च हो जाता है तब अधिकार मिलते हैं। समाज सुधार के लिए तो नहीं करता कोई इतनी मेहनत। व्यवहारिक अनुभवों ने यही सिखाया है कि धर्म, आर्थिक, सामाजिक या आर्थिक निरपेक्षता की बातें जोर शोर से करनी चाहिए लेकिन उनकी शक्ल जलेबी जैसी होनी चाहिए। जब पता है कि राज और नीति की सड़क पर चलना होगा तो सहजता और आराम से चलने में क्या हर्ज है। जब उनका दिमाग खुला नहीं तो हमारा भी क्यूं हो. दोनों का बंद, दोनों सुखी। उन्हें भी तो आरामदेह मकान बनाना है, बाजार में बढ़िया कारें उपलब्ध हैं। मनपसंद जीवन साथी किसे नहीं चाहिए। बच्चे अच्छे स्कूल में पढ़ें तो ही तो उन्हें भी अच्छी जॉब मिलेगी। बदलाव के जोखिम की बातें करने वाले और वास्तव में जोखिम उठाने वाले बहादुर अभी जिंदा हैं न। फिर यहां बदलना कौन चाहता है। जब रहना लकीर के फकीरों के साथ है तो बदलने की जरूरत भी नहीं है। दूसरों के लिए कुछ करने का जमाना तो कब का दफन हो लिया। देश भक्त लोग अब यही चाहते हैं कि भगत सिंह पैदा हो लेकिन किसी और के घर पैदा हो क्यूंकि वह स्वतंत्रता के पवित्र संग्राम में हिस्सा जरूर लेगा और एक दिन उसे शहीद होना पड़ेगा और शहीद होने के बाद बंदा शहीद ही रहता है। मरने के बाद तो आत्मा भी नहीं देख पाती।

एक बार मिले जीवन को अपने लिए जीना जरूरी क्यूं नहीं है। फालतू बातों या कामों में समय नष्ट नहीं करना चाहिए। इसलिए तो समय का सदुपयोग जारी है, अजगर समझ गए हैं कि उनका वास्तविक कार्य क्या है।

# गुणों की खान है करेला, डायबिटीज समेत ये 8 बीमारियां होगी ठीक

करेला खाने में कड़वे स्वाद का होने के बावजूद भी अपने अंदर औषधीय गुण समाएं हुए है। इसमें विटामिन ए, सी, कैल्शियम, आयरन, फास्फोरस, फाइबर, एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–बैक्टीरियल गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से इम्यूनिटी बढ़ने के साथ बीमारियों से लड़ने की शक्ति मिलती है। यह डायबिटीज को कंट्रोल रखने के साथ गठिया और अस्थमा मरीजों के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। इसका सब्जी व जूस के तौर पर डाइट में शामिल किया जा सकता है। तो चलिए जानते हैं इससे मिलने वाले बेहतरीन गुणों के बारे में..

1. डायबिटीज करे कंट्रोल

डायबिटीक पेशेंट्स के लिए करेला औषधीय की तरह काम करता है। ऐसे में डॉक्टर्स द्वारा भी डायबिटीज के मरीजों को इसे अपनी डेली डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है। इससे शुगर लेवल कंट्रोल रहने में मदद मिलती है। इसका कच्चा, सब्जी, जूस के रूप में सेवन किया जा सकता है। इसके अलावा रोजाना करेले का पाउडर खाना भी फायदेमंद रहेगा।

2. अस्थमा में फायदेमंद

अस्थमा की बीमारी से लड़ने के लिए करेले का सेवन करना फायदेमंद होता है। करेले की बिना मसाले से सब्जी बनाकर खाना से अस्थमा ठीक होने में मदद मिलती है।

3. गठिया से दिलाए निजात

गठिया की समस्या से निजात पाने के लिए करेला लाभकारी



होता है। इसके रस से जोड़ों, हाथों व पैरों की मालिश करने से यहां पर होने वाली जलन से आराम मिलता है।

4. पथरी गलाने में माहिर

पथरी की समस्या से जुझ रहे लोगों को करेला अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। यह पथरी को गलाकर उससे बाहर निकालने में मदद करता है। इसके लिए करेले का जूस बना कर उसमें शहद मिलाकर पीएं।

5. पाचन शक्ति करे मजबूत

एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–बैक्टीरियल गुणों से भरपूर करेले का सेवन करने पाचन शक्ति मजबूत होती है। यह पेट की सफाई करके इससे जुड़ी परेशानियों जैसे कि पेट दर्द, गैस, अपच आदि समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

6. सिर दर्द से दिलाए आराम

अक्सर कई लोगों को सिरदर्द की शिकायत रहती है। ऐसे में करेले को पीस कर उसका लेप माथे पर लगाने से फायदा मिलता है।

7. मोटापा करे कम

करेले में एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–वायरल गुण होते हैं। ऐसे में इसके जूस में नींबू का रस मिलाकर पीने से वजन कम करने में मदद मिलती है। इससे शरीर में मौजूद विषैले पदार्थ बाहर निकलने के साथ बॉडी शेप में आती है।

8. इम्यूनिटी बढ़ाए

इसमें विटामिन ए, सी, फाइबर, आयरन आदि पोषक तत्व मौजूद होते हैं। ऐसे में करेला खाने से इम्यूनिटी बढ़ने के साथ बीमारियों से लड़ने की शक्ति मिलती है। साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव रहता है।

9. भूख बढ़ाए

भूख ना लगने की परेशानी पर करेले का सेवन करना फायदेमंद होता है। इसमें फास्फोरस उचित मात्रा में होने से पाचन तंत्र मजबूत होकर कब्ज, अपच, एसिडिटी की परेशानी में लाभ मिलता है। साथ ही भूख बढ़ने में मदद मिलती है।

# जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करना है खतरनाक

एजेंसी

इससे तो हम सब वाकिफ हैं कि हमारे शरीर के लिए हैल्दी फूड का सेवन और एक्सरसाइज करना काफी फायदेमंद साबित होता है। रोजाना व्यायाम यानी एक्सरसाइज करने से बढ़ते वजन को नियंत्रण कर शरीर को फीट एंड फाइन बनाया जा सकता है। कई लोग हद से ज्यादा एक्सरसाइज करने लगते हैं और सोचते हैं कि इससे वो जल्दी फीट हो जाएंगे। हालांकि, ऐसा करने से फायदा नहीं बल्कि हमारे शरीर को नुकसान पहुंचता है। अगर आप भी खुद को फीट रखने के लिए एक्सरसाइज करते हैं और कई बार ज्यादा एक्सरसाइज करके ये सोचते हैं कि इससे आपको फायदा होगा, तो आपको बता दें कि इससे आपको सिर्फ नुकसान ही हो सकता है।

फिटनेस एक्सपर्ट्स का मानना है कि जो लोग ओवर एक्सरसाइज करते हैं उन्हें कई तरह की बीमारियां अपना शिकार बना लेती हैं। ओवर एक्सरसाइजिंग से आपको थकावट, नींद न आने जैसी कई समस्या हो सकती हैं। अगर आप रोजाना एक्सरसाइज करते हैं तो सीमित समय तक ही करें और सिर्फ उतनी ही करें जिससे आपके शरीर को कोई नुकसान न हो। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि ओवर एक्सरसाइज से शरीर को क्या–क्या नुकसान हो सकते हैं, आइए जानते हैं३

दिल को हो सकता है खतरा

ऑवर एक्सरसाइज करने से सबसे ज्यादा दिल को खतरा हो सकता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि एक शोध में ये सामने आ चुका है कि अधिक व्यायाम करने से दिल के ऊतकों में जख्म हो सकते हैं। इसके अलावा इससे दिल के मांसपेशियां भी कमोजर हो सकते हैं। बहुत बार ज्यादा एक्सरसाइज करने से दिल की धड़कन बहुत तेज हो जाती है और फिर दिल की संबंधित बीमारी हो जाती है। इसलिए जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज न करें।

ओवरट्रेनिंग सिंड्रोम

फिटनेस एक्सपर्ट्स कहते हैं कि ज्यादा एक्सरसाइज करने से ओवरट्रेनिंग सिंड्रोम हो सकता है। कई बार लोग बिना ब्रेक और रिकवरी के एक्सरसाइज करते हैं जिससे फिटनेट लेवल तो कम होता ही है, साथ ही चोट लगने का खतरा भी बढ़ जाता है। ज्यादा भारी और ऑवर एक्सरसाइज करने से फिट शरीर नहीं बनता है बल्कि ये हानिकारक हो सकता है।

इम्यूनिटी सिस्टम पर असर

ऑवर एक्सरसाइज करने से इम्यूनिटी सिस्टम पर बुरा असर पड़ सकता है। दरअसल, एक्सरसाइज करने के लिए ज्यादा एनर्जी की जरूरत होती है। वहीं, अगर आप ज्यादा एक्सरसाइज कर लेते हैं तो और अधिक एनर्जी की जरूरत होती है और इससे इम्यूनिटी सिस्टम पर सीधा असर पड़ता है। इम्यूनिटी सिस्टम पर असर होने से आप जल्दी संक्रमित हो सकते हैं और आपको तरह–तरह की बीमारी अपना शिकार बना सकती है।

मसल्स दर्द करना



नॉर्मल रूटीन एक्सरसाइज करने से होने वाला दर्द 1 से 2 दिन में ठीक हो जाता है, लेकिन अगर आप ज्यादा एक्सरसाइज करते हैं या फिर ऑवर वेट उठा लेते हैं तो आपके मसल्स में काफी दिनों तक दर्द रहता है। इससे आप बीमार भी पड़ सकते हैं, इसलिए जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करने से बचें।

हो सकती है ज्यादा थकान

ज्यादा एक्सरसाइज करने से थकावट भी अधिक हो सकती है। इससे आप किसी भी अन्य कार्य को ठीक तरह से नहीं कर पाते हैं। थकान होने के वजह से आप बीमार भी पड़ सकते हैं। दरअसल, ज्यादा या लगातार एक्सरसाइज करने से शरीर का कैलोरी भले ही कम हो जाता है, लेकिन ये आपके शरीर की एनर्जी को काफी कम कर देता है, जिससे आप खुद को काफी थके हुए महसूस करने लगते हैं।

नींद न आना

ज्यादा एक्सरसाइज करने से केवल शरीर में दर्द नहीं होता बल्कि आपकी नींद भी गायब हो सकती है। कई लोग ज्यादा एक्सरसाइज करने के बाद रात में काफी बेचैन रहते हैं और सही से सो नहीं पाते हैं। कई बार तो शरीर में होने वाला दर्द भी सोने नहीं देता है। अगर आप अच्छी नींद चाहते हैं तो सीमित समय तक ही एक्सरसाइज करें।



# जियो के ऐसे प्लान जहां प्रत्येक दिन 3GB डाटा मिलता है

एजेंसी

जियो की सफलता की कहानी किसी परीकथा माफिक है। यूं यह कथा ना होकर हकीकत बन चुका है। दुनिया भर में मोबाइल डाटा की जितनी कम कीमत भारत में है. उतनी कम कीमत विश्व में अन्यत्र नहीं। यह रिलायंस जियो की वजह से ही संभव हो सका है।

रिलायंस जियो ने देखते देखते 4 साल के कम समय में ही 40 करोड़ उपभोक्ता जुटाकर भारत की सबसे बड़ी मोबाइल ऑपरेटर कंपनी बनने का तमगा हासिल कर दिखलाया है। जाहिर तौर पर इसमें कस्टमर को दी जाने वाली सुविधाएं सबसे बड़ी भूमिका में रही हैं। रिलायंस हमेशा से ही इस तरह के प्लान कस्टमर्स के सामने लाता रहा है, जो न केवल कस्टमर की जिंदगी आसान बनाते हैं, बल्कि उसे अव्वल दर्जे की सुविधाएं भी देते हैं।

इसी क्रम में हम बात करेंगे उन प्लान्स की, जहाँ रोज आपको 3 हइ डाटा मिलता है। आइए जानते हैं...

349 का प्लान

जियो का यह बेहद पॉपुलर प्लान है और इसकी वैलिडिटी कुल 28 दिन की है। इसमें प्रत्येक दिन आप 3GB डाटा यूज कर सकते हैं, मतलब टोटल 28 दिन




में 84 जीबी डाटा आप को मिलता है। जियो से जियो पर जितनी मर्जी उतनी, अर्थात अनलिमिटेड कॉल कीजिए, तो जियो सिम से दूसरे नेटवर्क पर 1000 मिनट तक बात करने की सुविधा मिलती है। मतलब आपकी आवश्यकता से कहीं अधिक!

शायद ही कोई महीने में इतनी कॉल कर पाए। बहरहाल इस प्लान में प्रत्येक दिन आप 100 मैसेज भेज सकते हैं।

401 का प्लान

यह भी काफी पॉपुलर प्लान है। इसमें भी वैलिडिटी 28 दिन की ही रहती है और प्रत्येक दिन 3GB डाटा ही मिलता है, लेकिन इसमें आपको कुल महीने में 6हइ का एक्स्ट्रा डाटा भी मिलता है।

मतलब 84 में अगर 6 जोड़ें तो 90 जीबी का कुल डाटा आपको मिलता है। इसमें रोज 100 मैसेज के अलावा दूसरे नेटवर्क पर कॉलिंग के लिए आपको 1000 मिनट दिए जाते हैं। इतना ही नहीं, आपको डिज्नी. हॉटस्टार का फ्री सब्सक्रिप्शन भी इस प्लान के तहत मिलता है। जाहिर तौर पर यह एक खास आकर्षण है, जिसे आप अवश्य ही लेना चाहेंगे।

999 का प्लान

जियो में यह भी काफी पॉपुलर प्लान है। 84 दिनों की वैलिडिटी के साथ प्रत्येक दिन आपको 3ळठ का डाटा मिलता है।

मतलब 84 दिन में कुल 252 जीबी का डाटा आप इस्तेमाल कर सकते हैं।

इस प्लान में भी जियो टू जियो अनलिमिटेड कॉल, तो जियो से दूसरे नेटवर्क पर कॉल करने के लिए आपको कुल 3000 मिनट मिलते हैं, मतलब 28 दिन के हिसाब से देखें तो तकरीबन 1000 मिनट।

प्रत्येक दिन आप इस प्लान में भी 100 मैसेज फ्री भेज सकते हैं।

हालांकि जब डाटा इतना सस्ता हो और इतना हाई स्पीड का प्लान हो तो मैसेज भेजने की बजाय इंटरनेट से व्हाट्सएप यूज करना लोगों को कहीं ज्यादा सूट करता है।

बहरहाल, आप समझ गए होंगे कि क्यों ना इस जियो के पीछे लोग दीवाने हैं। जाहिर तौर पर रिलायंस की सर्विस दूसरे नेटवर्क प्रोवाइडर्स से कहीं आगे खड़ी नजर आती है।

# शुरू हुईं गौहर ख़ान और ज़ैद दरबार की शादी की रस्में

एजेंसी
बिग बॉस फेम' और फेमस एक्ट्रेस गौहर ख़ान और म्यूज़िक डायरेक्टर इस्माइल दरबार के बेटे ज़ैद दरबार की शादी की रस्में शुरू हो गई हैं। 25 दिसंबर को दोनों का निकाह होना है, उससे पहले 21 दिसंबर को दोनों की 'चिकसा' सेरेमनी हुई जिसकी फोटोज़ गौहर और ज़ैद ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। अपनी चिकसा सेरेमनी में दोनों ने पीले रंग के कपड़े पहने थे। गौहर ने पीले रंग का लहंगा पहना था जिसमें वो काफी खूबसूरत लग रही थीं, वहीं ज़ैद ने पीले रंग का कुर्ता पायजामा पहना था। अपनी सेरेमनी की फोटोज़ शेयर करते हुए गौहर और ज़ैद ने कैप्शन में लिखा, 'जब मेरा आधा हिस्सा तुम्हारे आधे हिस्से से मिला और एक हुआ तब बैटर हाफ बना। हमारे सबसे सुंदर पल। अलहमदोल्लिलाह। गाजा सेलिब्रेशन का पहला दिन, चिकसा'। आपको बता दें कि गौहर और ज़ैद ने अपनी शादी को (गाज़ा) नाम दिया है। इन फोटोज़ के अलावा 'गाज़ा'की चिकसा सेरेमनी की कुछ वीडियोज़ भी सामने आई हैं जिसमें दोनों ढोल पर डांस करते नज़र आ रहे हैं। एक वीडियो में ज़ैद के पिता इस्माइल दरबार भी बेटे की चिकसा सेरेमनी में थिरकते हुए दिख रहे हैं। वहीं दूसरी वीडियो में गौहर की मां और बाकी लोग मस्ती से डांस करते दिख रहे हैं। 'गाज़ा' की सेरेमनी के फोटोज़ और वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कपल ने शादी के लिए मुंबई का आईटीसी मराठा होटल चुना है। वहीं कपल ने पुणे के जाधवगढ़ होटल में प्री वेडिंग शूट भी करवाया था। हाल में गौहर ने अपनी शादी का डिजिटल वेडिंग कार्ड जारी किया था। जिसमें दोनों की स्वीट लव स्टोरी नजर आ रही थी। वीडियो में उनकी लव स्टोरी के बारे में बताया गया था कि किस तरह दोनों में प्यार शुरू हुआ और कैसे बात शादी तक पहुंची। वीडियो में गौहर और जैद के क्यूट कैरीकेचर्स नजर आ रहे थे।





# नाइट क्लब रेड में सुज़ैन ख़ान और गुरु रंधावा गिरफ़्तार


एजेंसी
महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में कोविड–19 के प्रकोप को देखते हुए नाइट कर्फ्यू लागू किया है, जिसका उल्लंघन करने पर मुंबई पुलिस ने एक नाइट क्लब पर छापा मारकर 34 लोगों को गिरफ़्तार किया। इनमें ऋतिक रोशन की पूर्व पत्नी सुज़ैन ख़ान और सिंगर गुरु रंधावा भी शामिल हैं। इन्हें बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। मिड–डे की रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई की सहार पुलिस ने मंगलवार तड़के क़रीब ढाई बजे एयरपोर्ट के नज़दीक स्थित ड्रैगन फ्लाई क्लब पर रेड मारी। छापे में पुलिस ने पाया कि क्लब में महाराष्ट्र सरकार के नाइट कर्फ्यू का उल्लंघन किया जा रहा था। पुलिस ने 34 सेलेब्रिटीज़ को गिरफ़्तार किया, जिनमें सुज़ैन ख़ान, गुरु रंधावा और पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना समेत कई सेलेब्रिटीज़ शामिल थे। 34 में से 19 लोग दिल्ली और पंजाब के थे, बाकी साउथ बॉम्बे के रहने वाले थे। रिपोर्ट के अनुसार, रैपर बादशाह भी वहां मौजूद थे, मगर वो निकलने में कामयाब हो गये। पुलिस के सीनियर अधिकारी ने मिड–डे को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कई नाइट क्लब नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और सोशल डिस्टेंसिंग समेत दूसरी गाइडलाइंस का पालन नहीं कर रहे हैं, जिसके बाद छापामारी की गयी थी। सभी के ख़िलाफ़ भारतीय दंड संहिता की धारा 188, बॉम्बे पुलिस एक्ट और एपिडेमिक डिजीज एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज़ किया गया था। सभी लोगों को छोड़ दिया गया, जबकि बाहर के सभी लोगों को सुबह 7 बजे की फ्लाइट से वापस भेज दिया गया। बता दें, इस साल कई बॉलीवुड सेलेब्रिटीज़ भी कोरोना वायरस की चपेट में आये हैं। इस साल मार्च में जब देश में कोरोना की शुरुआत हुई ही थी, बॉलीवुड सिंगर कनिका कपूर कोविड–19 पॉज़िटिव पायी गयी थीं। कनिका लंदन से आयी थीं और उन पर नियमों की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया था। कनिका के ख़िलाफ़ लखनऊ में पुलिस रिपोर्ट भी दर्ज़ हुई थीं। इस मामले ने काफ़ी तूल पकड़ा था।






# राखी सावंत के 'गुमशुदा' पति आए सामने, बताया क्यों छुपाई थी अबतक अपनी शादी

एजेंसी
बॉलीवुड की कॉन्ट्रोवर्सी क्वीन राखी सावंत इन दिनों 'बिग बॉस 14' में नज़र आ रही हैं। 'बिग बॉस' में आने के साथी ही राखी की पर्सनल लाइफ से जुड़ा एक राज़ फिर से चर्चा में आ गया है। वो राज़ है राखी की शादी... राखी अब तक ये दावा करती हैं कि वो शादीशुदा हैं, लेकिन आजतक न उनके पति के किसी ने देखा है, न राखी कभी अपने पति के साथ नज़र आई हैं। बिग बॉस हाउस में भी राखी ने इस बात का कई बार जिक्र किया है कि वो शादीशुदा हैं, लेकिन उनका पति विदेश में रहता है। इन सारी खबरों और बातों के बीच राखी सावंत के पति जिन्हें आजतक किसी ने नहीं देखा वो खुद सबके सामने आ गए हैं। राखी के पति रितेश जो कि एक यूके बेस्ड बिजनेसमैंन हैं, न सिर्फ सबके सामने आए हैं बल्कि उन्होंने आपनी शादी और बिग बॉस को लेकर भी खुलकर चर्चा की है। टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में रितेश ने हर उस सवाल का जवाब दिया है जो शायद राखी का हर फैन जानना चाहता है। वेबसाइट से बातचीत में रितेश ने कहा, 'मैंने अपने स्वार्थी मकसद की वजह से अबतक सबके सामने नहीं आया। मैं स्वार्थी था कि मैंने अबतक राखी से अपनी शादी छुपाकर रखी, ये मेरी गलती थी। मुझे लगता था कि अगर मैंने अपनी पहचान और राखी से शादी की बात उजागकर कर दी तो गलत अफवाहों की वजह से इसका असर मेरे शेयर्स पर पड़ेगा। लेकिन अब इस इंटरव्यू के जरिए मैं कहना चाहता हूं कि राखी ने मुझसे शादी कर के मेरी ज़िंदगी में आकर मुझपर अहसान किया है। मैं और मेरा परिवार कभी उनका कर्ज़ नहीं चुका सकते। वो वास्तव में एक सच्ची पत्नी और साथी रही हैं। वो मेरी हर बात समझती हूं, मैंने ही उनसे कहा था कि हमारी शादी को सबसे छुपाकर रखें, इस बात पर उन्होंने मेरा समर्थन किया। मुझे फक्र है राखी पर, मैंने शुक्रगुज़ार हूं कि उसने मेरी बात का सम्मान किया। लेकिन अब मुझे मौका मिला है, मैंने ये फैसला किया है कि मैं सबके सामने आऊंगा और अपनी पहचान ज़ाहिर करूंगा। अब मुझे फायदे और नुकसान की फिक्र नहीं है मैं सबको अपनी शादी के बारे में बताना चाहता हूं'।





रितेश ने 'बिग बॉस 14' कंटेस्टेट निक्की तंबोली के राखी की इज्ज़त को लेकर किए गए कमेंट कर अपनी नराज़गी भी ज़ाहिर की है। उन्होंने कहा कि मैं निक्की के खिलाफ केस कर सकता हूं लेकिन मैं नहीं करूंगा क्योंकि वो गेम शो है जहां अक्सर लोग ऐसी बातें बोल जाते हैं।

# करण जौहर ने किया एपिक सीरीज़ का एलान

एजेंसी
अगले साल 15 अगस्त को देश स्वतंत्रता के 75वें साल में प्रवेश कर रहा है। हर भारतवासी के लिए यह एक ख़ास मौक़ा होगा। ऐसे में फ़िल्म इंडस्ट्री भी इस जश्न को पूरे ज़ोर–शोर से मनाने के लिए बेक़रार है और इसे यादगार बनाने के लिए फ़िल्म इंडस्ट्री ने Change Within इनिशिएटिव के तहत एक एपिक सीरीज़ का एलान किया है, जिसमें भारत की गौरवशाली गाथा दिखाई जाएगी। करण जौहर ने इसका एलान करते हुए ट्विटर पर लिखा– स्वतंत्रता के 75 साल का जश्न मनाने के लिए चेंज विदिन इनिशिएटिव के तहत पहली एपिक सीरीज़ का एलान करते हुए ख़ुशी हो रही है। क्रिएटिव दोस्त राजकुमार संतोषी, दिनेश विजन और महावीर जैन आज़ादी की अद्भुत कहानियां बताने के लिए साथ आये हैं। बता दें, सात एपिसोड की इस सीरीज़ में देश के पराक्रम, संस्कृति और सभ्यता पर फोकस किया जाएगा। इससे पहले 2 अक्टूबर को भी करण जौहर ने ट्वीट करके आज़ादी के 75वीं सालगिरह के लिए अपनी योजनाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ साझा किया था। उन्होंने एक लम्बा–सा नोट लिखा था, जिसमें कहा गया– यह हमारी कहानियां ही हैं, जो हमें वो बनाती हैं जो हम आज हैं और देश के कोने–कोने में ऐसी तमाम कहानियां बिखरी हुई हैं। इसमें करण ने बताया कि पिछले साल महात्मा गांधी की 150वीं सालगिरह पर राजकुमार हिरानी ने एक फ़िल्म का निर्माण किया था। करण ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से फ़िल्म समुदाय 75वीं सालगिरह को सेलिब्रेट करने की योजना का एलान करके सम्मानित महसूस कर रहा है। बता दें, करण जौहर इन दिनों नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की जांच के दायरे में भी हैं। पिछले दिनों उन्हें एनसीबी ने उनके घर पर हुई एक पार्टी के दौरान शूट किये गये वीडियो को लेकर नोटिस भेजा था, जिसका करण ने जवाब दाख़लि कर दिया है। इस वीडियो में बॉलीवुड के कई सेलेब्रिटीज़ पार्टी करते दिख रहे थे।



# कोविड–19 वार्ड में नर्स की ड्यूटी करने वाली एक्ट्रेस की सेहत में सुधार

एजेंसी
कोरोना वायरस पैनडेमिक के दौरान नर्स बनकर फ्रंट लाइन में आकर लोगों की सेवा करने वाली एक्ट्रेस शिखा मल्होत्रा को कुछ दिन पहले पैरालिटिक अटैक हुआ था, जिसके बाद से शिखा मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती हैं। शिखा की तबीयत में अब सुधार है मगर अभी चलने–फिरने की स्थिति में नहीं हैं। इस बीच शिखा ने सोशल मीडिया के ज़रिए अपनी फ़िल्म कांचली को देखने की अपील लोगों से की है। इंस्टाग्राम पर शिखा ने दो तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें वो अपनी मां के साथ नज़र आ रही हैं। शिखा ने लिखा– अपनी सुपर वुमन मां के साथ रिकवरी कर रही हूं। आप लोगों की असीम दुआओं और प्यार–सम्मान की वजह से सामान्य ज़िंदगी की ओर बढ़ रही हूं। आप सबसे विनम्र अनुरोध है कि मेरी डेब्यू हिंदी फीचर फ़िल्म कांचली ज़रूर देखें। फ़िल्म अल्ट्रा मूवी पार्लर पर रिलीज़ होगी। निर्देशन दैदीप्य जोशी का है। आपके सपोर्ट की ज़रूरत है। 2019 की इस फ़िल्म की कहानी राजस्थान में सेट है और एक लोककथा पर आधारित है। संजय मिश्रा लीड रोल में हैं। पैरालिटिक अटैक के बाद शिखा को मुंबई के कूपर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां से कुछ दिन बाद केईएम अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। शिखा के शरीर के दायें हिस्से पर पैरालिसिस अटैक हुआ था। बता दें, शिखा एक ट्रेंड नर्स हैं और कोरोना वायरस पैनडेमिक के दौरान उन्होंने मुंबई के अस्पताल में कोविड–19 वार्ड में मरीज़ों सेवा की थी। इससे पहले शिखा का कोविड–19 टेस्ट अक्टूबर में पॉज़िटिव आया था। बता दें, देश में जब कोरोना वायरस पैनडेमिक शुरू हुआ तो शिखा ने 27 मार्च से मुम्बई के जोगेश्वरी स्थित हिन्दू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे ट्रॉमा केयर अस्पताल के कोरोना आइसोलेशन वार्ड में बतौर नर्सिंग ऑफिसर काम शुरू कर दिया था।

शिखा की इस पहल की तारीफ़ 'नीति आयोग' ने अपने ट्वीटर एकाउंट से की थी। शिखा ने दिल्ली के वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज व सफ़दरजंग अस्पताल से बीएससी (ऑनर्स) नर्सिंग की पढ़ाई करने बाद एक्टिंग की पारी शुरू की थी। अभिनेत्री के तौर पर शिखा ने शाह रुख़ ख़ान की 'फैन' और शूजित सरकार की 'रनिंग शादी' में अहम भूमिकाएं निभायी थीं।



# अरबाज़ ख़ान की गर्लफ्रेंड जार्जिया एंड्रियानी का सोशल मीडिया में दिखा बोल्ड अंदाज



एजेंसी
बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी इन दिनों काफी चर्चा में हैं। हाल ही में जॉर्जिया ने बिकनी में अपनी शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। उनकी ये तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। उनके इस लुक को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। तस्वीरों में जॉर्जिया बिकिनी पहने अपना फीगर फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रही हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि जॉर्जिया एंड्रियानी अपनी फिटनेट और कर्व्स फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रही हैं। जॉर्जिया एंड्रियानी ने इंस्टाग्राम पर बिकिनी पहने हुए खुद की तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने फोटो शेयर कर कैप्शन दिया, 'लाइफ इज बीच' उनकी ये तस्वीरें लेटेस्ट फोटोशूट की हैं। जॉर्जिया का ये फोटोशूट समुद्र के किनारे का है। उनकी तस्वीरों पर फैंस के साथ साथ फिल्मी दुनिया के जाने माने सितारें भी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बता दें अरबाज खान और जॉर्जिया एंड्रियानी लंबे वक्त से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। अरबाज और जॉर्जिया को अकसर फैमिली के साथ और डिनर में देखा जाता है। जॉर्जिया ने कल अरबाज के साथ फोटो शेयर कर लिखा है, 'सबसे अच्छा क्रिसमस सरप्राइज'। बता दें कि अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा की शादीशुदा जिंदगी केवल 18 साल ही चल पाई और साल 2016 में दोनों ने अलग होने का फैसला किया और साल 2017 में दोनों ने तलाक ले लिया। मलाइका और अरबाज एक बेटा भी है जिसका नाम अरहान खान हैं।

## जल्द होगी जॉर्जिया की बॉलीवुड में एंट्री

बता दें कि जॉर्जिया की एंट्री को लेकर लोगों में दो राय कुछ का कहना है कि जॉर्जिया बॉलीवुड में अपना डेब्यू साल 2017 में रिलीज हुई 'गेस्ट इन लंदन' से कर चुकी हैं। तो कुछ का कहना है कि वो फिल्म 'वेलकम टू बजरंगपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी। जिनमें उनके साथ श्रेयस तलपड़े, संजय मिश्रा और तिग्मांशु धूलिया नज़र आएंगे। इसके अलावा, वह अरबाज खान और प्रिया वारियर के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म 'श्रीदेवी बंगलों' में एक आइटम सॉन्ग से डांस का तड़का लगाते हुए नज़र आएंगी। आपको बता दें कि जॉर्जिया एंड्रियानी अरबाज खान से लगभग 22 साल छोटी हैं। पिछले दिनों दोनों की शादी की खबरें सामने आई थी। बताया जा रहा था कि अरबाज के परिवार को जॉर्जिया पसंद हैं और सभी ने शादी के लिए हां बोल दिया है।

हिन्दी दैनिक
मरियम टाइम्स
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक कलीमउल्ला फ़ारूकी ने सांई प्रिंटिंग प्रेस , 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से छपवाकर 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः
आसिया जैदी
मो0– 9838040912
e-mail:
mariyamtimes86@gmail.com
RNI No -
UPHIN/2015/63817
समाचार पत्र से सम्बन्धित समस्त प्रकार के विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ न्यायालय मान्य होगा।